# ड्रोन लेजर शो के जरिए काशी के विकास की गौरव गाथा

## भव्य आयोजन, दशाश्वमेध घाट पर विशिष्टजन संग उमड़ी भीड़

## पीएम मोदी के 10 साल के विकास कार्यों के साक्षी बने काशीवासी व पर्यटक

## मोदी के संकल्प विकसित भारत का जीता–जागता प्रमाण देख लोग हुए आनंदित

संवाददाता।

वाराणसी। दिन–गुरुवार। समय–गंगा आरती के बाद सायं 7.40 बजे। गंगा पार से जब सतरंगी एलईडी लाइटों से आसमान जगमगाने लगा तो दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित जनसमूह के 'हर–हर महादेश' और 'फिर एक बार मोदी सरकार' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। जी हां, ड्रोन लेजर शो के माध्यम से काशी के विकास की गौरव गाथा का बखान का अद्भुत नजारा जो सामने था। पीएम मोदी के संकल्प विकसित भारत का जीता–जागता प्रमाण देख लोग आनंदित नजर आए। गंगा पार में हुए इस भव्य आयोजन के साक्षी सिर्फ दशाश्वमेध घाट पर उपस्थित विशिष्टजन संग उमड़ी भीड़ नहीं बनीं, बल्कि अन्य गंगा घाटों से देशी–विदेशी पर्यटकों ने भी इसका लुत्फ उठाया। पीएम मोदी के नामांकन के पूर्व ही काशी में लोकसभा चुनाव का पारा हाई हो चुका है। इसमें सोने पे सुहागा जैसा काम किया गुरुवार को दशाश्वमेध घाट के ठीक सामने गंगा पार पर आयोजित भव्य ड्रोन लेजर शो ने। इसके माध्यम से बीते 10 साल के दौरान हुए काशी के विकास गाथा को दर्शाया गया। पीएम मोदी के सांसद के तौर पर काशी में 10 साल के बीच हुए विकास कार्यों के काशीवासी ही नहीं देशी–विदेशी पर्यटक भी साक्षी बने। ड्रोन लेजर शो के माध्यम से 'डमरू', 'कमल', 'नमो घाट', 'मां गंगा', 'वंदेभारत ट्रेन', 'क्रूज', 'काशी विश्वनाथ कॉरिडोर' आदि को दर्शाया गया। इस दौरान बीच–बीच में 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'कमल के खिलते फूल', आदि को भी प्रदर्शित किया गया, जिसे देख हर कोई आश्चर्यचकित नजर आया। इस दौरान उद्घोषिका बराबर विकास कार्यों के बारे में बताती नजर आयी। करीब 15 मिनट तक चले ड्रोन लेजर शो के माध्यम से बनारस में अब तक हुए विकास कार्यों का जहां प्रदर्शन किया गया। वहीं, यह बताया गया कि अपनी काशी पुरातन संस्कृति को ओढ़े हुए आधुनिकता की दहलीज पर किस तरह तेजी से बढ़ रही है। आज काशी का गुणगान चहुंओर हो रहा है। सिर्फ भारत ही नहीं समूची दुनिया काशी में हुए अद्भुत और अलौकिक परिवर्तन को देखने को यूं ही नहीं आतुर है। यह सब संभव हुआ है अपने सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बदौलत। पीएम मोदी के नामांकन के पूर्व यह ड्रोन लेजर शो आगामी 12 मई तक चलता रहेगा। बताया गया कि काशी की विकास गाथा के जरिए लोकसभा चुनाव के प्रचार–प्रसार की खातिर लेजर शो में करीब एक हजार ड्रोन को दर्शाया गया। ड्रोन लेजर शो के दौरान काशी में हुए विकास कार्यों के साथ–साथ 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार भाजपा सरकार' का नारा फिजाओं में गूंजा। बताया गया कि टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने में जुटे पीएम मोदी का यह जीता–जागता प्रमाण रहा। पीएम मोदी पहले कार्यकाल में जहां थ्री डी लेकर आए थे तो वहीं दूसरे कार्यकाल में सोशल मीडिया पर उनका फोकस रहा। अब विकसित भारत की संरचना में वे जुटे हुए हैं। पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को यह ड्रोन लेजर शो साक्षी बना। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में शामिल पद्मश्री सोमा घोष ने कहा जो द्रोण के माध्यम आज मैने जो शो देखा उसे देखकर मन आनंदित हो गया। टेक्नोलॉजी का इतना सुंदर प्रयोग देख हम सब अभिभूत हैं। कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत तेजी से विकसित भारत की और बढ़ रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने मेरा पुरा परिवार पिछले एक महीने से काशी आया हुआ है। अतिथि लायंस क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर बलवीर सिंह बग्गा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसका जीता जागता प्रमाण यह द्रोण शो है। कहा कि पहले हम विदेश जाते थे तो लोग पुछते थे कि आपके देश में क्या है। लेकिन पिछले दस वर्षों में भारत ने तकनिक के क्षेत्र में विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश है। इस कार्यक्रम के आयोजक मंडल में वैभव कपूर,नरसिंह दास, पवन शुक्ला व अमित अग्रवाल,रोहित कपूर, राजीव सेंगर शामिल रहे। जबकि मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. सोमा घोष थीं। जबकि विशिष्ट अतिथि बलवीर सिंह बग्गा, रोहित कपूर व राजीव सेंगर थे। इनकी रही उपस्थिति दशाश्वमेध घाट पर लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक जगदीश पटेल, जिला एवं महानगर प्रभारी अरुण पाठक, महापौर अशोक तिवारी, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, पार्षद नरसिंह दास, शैलेन्द्र मिश्रा, आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# भाजपा बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलना चाहती है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के बहराइच से लोकसभा प्रत्याशी रमेश चन्द्र गौतम, खीरी से लोकसभा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा तथा धौरहरा खीरी से लोकसभा के प्रत्याशी आनन्द भदौरिया के पक्ष में विशाल चुनाव जनसभाओं को सम्बोधित कर भारी बहुमत से जिताने की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि तीन चरणों के चुनाव में जनता की नाराजगी देख भाजपा घबरा गई है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता इस सरकार के खिलाफ निकल पड़ी है। भाजपा के लोग घबराये हुए हैं। अब तो अपने लोगों पर हमला करने लगें हैं। अभी तक विपक्ष पर हमला करने वाले भाजपा के शीर्ष नेता अपनों के खिलाफ बोलने लगे हैं। एक पार्टी अपनों पर हमला कर रही है तो दूसरी पार्टी अपनों को पद से हटा रही है। बताइये दोनों में मिली भगत है कि नहीं? कहा कि भाजपा ने दस सालों में सत्ता का दुरुपयोग किया है। जनता से विश्वासघात किया है। समाज में नफरत फैलायी। हर स्तर पर भेदभाव किया। किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। संविधान और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलना चाहती है। संविधान में मिले वोट और आरक्षण के अधिकार को छीनना चाहती है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। किसानों, नौजवानों और देश के भविष्य को बचाने का चुनाव है। हम समाजवादी लोग संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान की रक्षा करने वाले संविधान के रक्षक है तो दूसरी तरफ संविधान बदलने की साजिश करने वाले संविधान भक्षक है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनने का षडयंत्र रचा। किसानों ने तीन काले कानूनों को विरोध किया आंदोलन किया, धरना दिया। भाजपा ने आंदोलन कुचलने का प्रयास किया। एक हजार किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा की तानाशाही सरकार को तीनों काले कानून वापस लेना पड़ा। किसानों के आंदोलन के बाद भी भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों के लिए एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया।

कहा कि भाजपा भरोसे के लायक नहीं है। भाजपा सरकार के फैसलों से लोगों पर कई बार संकट आया। इस सरकार ने नोटबंदी का फैसला अचानक किया। क्या इसके बारे में किसी को बताया था। नोटबंदी से अर्थव्यवस्था डूब गयी। लोगों की नौकरी छिन गयी। इन्होंने तमाम सरकारी संस्थाओं हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेलवे स्टेशन, सब निजी हाथों में बेच दिया। नौकरियां छीन ली। आरक्षण खत्म कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने चहेते उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों की मदद नहीं की। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों की फसलों को एमएसपी का अधिकार दिया जाएगा। किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। किसानों की अन्य तरह से भी मदद होगी। किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित होगा।कहा कि इन लोगों ने सभी को वैक्सीन लगवा दी। वैक्सीन के कारण हार्ट समेत तमाम तरह की बीमारियां हो रही है। अब तो वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी वैक्सीन वापस ले रही है। जो वैक्सीन लगवाने का दावा करते थे, अब उन्होंने अपनी फोटो प्रमाण पत्र से हटा ली। वैक्सीन कम्पनियों से पैसा वसूला। जनता की जान खतरे में डाल दी है। नाराज जनता भाजपा सरकार से पूछ रही है कि जिनके शरीर में ये वैक्सीन पहुंच चुकी है उनके अन्दर से वापस कैसे आएगी? भाजपा अपने ही देश के लोगों का जीवन दांव पर लगाकर जनद्रोही पार्टी बन गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने केवल धोखा दिया है। झूठ बोला है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर लूट की है। महंगाई बढ़ाकर लूट की है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स से डरा कर हजारों करोड़ रूपये वसूला है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गयी है। शिक्षा मित्र, 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर पिछड़ों को और नौजवानों सबको धोखा दिया। भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। हर तरफ छुट्टा जानवर घूम रहे हैं। न खेत सुरक्षित है न सड़के सुरक्षित है। तमाम लोगों की जान दुर्घटनाओं में जा रही है। भाजपा ने विकास रोका, सब व्यवस्था बर्बाद कर दिया है।

# नगर के दो अलग अलग क्षेत्रों में करोड़ो की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त'

लखनऊ(आरएनएस)नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी संपत्ति द्वारा नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।अभी तक करोड़ो रुपयों की तमाम सरकारी भूमि जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं उन्हें खाली करवाया जा चुका है।उसी क्रम में आज ग्राम गौरी एवं ग्राम सरोसा– भरोसा अंतर्गत दो अलग अलग भूमियों को कब्जा मुक्त कराया गया,ग्राम–गौरी, तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ की खसरा संख्या–695 क्षेत्र फल 0.2100 हे०, जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर दर्ज है और नगर निगम में निहित सम्पति हैं। उक्त खसरा संख्या प्रभारी अधिकारी (सम्पति) के पत्र संख्या–डी– 128 ६ का त०६24 दिनांक 09६05६2024 के अनुपालन में आज दिनांक 10६05६2024 दर्ज भूमि ऊसर पर अवैध कब्जे को श्री सिंह कनौजिया तहसीलवार नीरज कटियार (नायब तहसीलदार), तनुज मदान, राहुल यादव, संदीप कुमार यादव, सुभाष गुप्ता व विनोद वर्मा (लेखपालगण) तथा पुलिस बल, ईण्टी एक बल की उपस्थिति में नगर निगम की जेसीबी द्वारा अवैध कब्जे को शान्ति पूर्ण ढंग से हटवा दिया गया है। उक्त खसरा संख्या की लगभग 22596 वर्गफिट भूमि अवैध कब्जे से मुस्त कराई गई, जिसकी बजारू कीमत लगभग 05 करोड़ 64 लाख 10 हजार रुपये है। उक्त के अतिरिक्त लखनऊ नगर निगम में निहित ग्राम सरोसा भरोसा के गाटा संख्या 1495 क्षेत्रफल 2.143 हे० आबादी के नाम दर्ज है जो नगर निगम की सम्पत्ति है। उक्त गाटे पर स्थल व अभिलेख का परीक्षण६निरीक्षण में पाया गया कि, गिरधारी लाल पुत्र राम प्रसाद व संजय कुमार सर्वेश कुमार पुत्र लाला राम ने अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर रहे है। निर्माण कर्ताओ द्वारा नगर निगम से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है। नगर निगम की टीम द्वारा इनसे एल. डी.ए द्वारा स्वीकृत नक्शा भी मांगा गया। इनके द्वारा कोई नक्शा या अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। अतः उक्त भूमि नगर निगम की है व एल.डी.ए की सीमा में निहित है, इस लिए अवैध कब्जा करने के आरोप में उक्त पर कार्यवाही करने के लिए एलडीए को पत्र भी भेजा गया है निर्माण रुका है ।

# डिश टीवी द्वारा डिशटीवी स्मार्ट सर्विसेज के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति, किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एकसाथ।

लखनऊ(आरएनएस) । डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव श्डिश टीवी स्मार्ट्श सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है।श्डिश टीवीस्मार्ट्श सर्विसेजश के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। श्डिश टीवी स्मार्ट्श सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो–द ओटीटी सुपरऐप, सेट–टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।अभिनेत्री अहाना कुमरा ने कहा, ष्एक कलाकार के रूप में, मैं अपने सभी दर्शकों तक पहुंचने के महत्व को समझती हूं। डिश टीवी स्मार्ट् सर्विसेज के साथ, मनोरंजन एक कदम और आगे बढ़ रहा है। अब, हम देश भर के घरों से सीधे जुड़ सकते हैं, यहां तक कि दूरदराज के इलाकों में भी जहां थिएटर दुर्लभ हैं। यह नवाचार न केवल हमारी पहुंच का विस्तार करता है बल्कि परिवारों को एक साथ लाता है और पारंपरिक टीवी की सीमाओं से परे कॉन्टेंट विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करता है। ओटीटी सेवाओं को टीवी के समान बॉक्स में एकीकृत करने के साथ, दर्शक अपने टीवी प्रीमियर से पहले ओटीटी पर नाटकीय रिलीज का आनंद ले सकते हैं। जिससे मनोरंजन सभी के लिए अधिक सुलभ बन जाता है। नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने कहा, श्अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। श्डिश टीवी स्मार्ट्श सर्विसेज का लॉन्च सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता हैय यह भारत में मनोरंजन की खपत को फिर से परिभाषित करने की दृष्टि का प्रतीक है, जो स्मार्ट और बड़ी होती जा रही है। विकल्पों से भरे इस बाजार में, ग्राहक अक्सर खुद को अभिभूत महसूस करते हैं। हमारा लक्ष्य समग्र और संपूर्ण मनोरंजन समाधान पेश करके उनकी पसंद को सरल बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि पारंपरिक टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों आज के युग में जरूरी हैं और हमारे प्रस्ताव के साथ, हमारा लक्ष्य उनके समान महत्व की पुष्टि करना है।ष मनोज डोभाल ने आगे कहा, "डिश टीवी में, ग्राहक संतुष्टि पर समझौता नहीं किया जा सकता है और हर निर्णय मूल्य और सुविधा प्रदान करने के आसपास केंद्रित होता है। श्डिश टीवी स्मार्ट्श सर्विसेज न केवल हमारे ग्राहकों को मनोरंजन की अद्वितीय पहुंच प्रदान करके लाभान्वित करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि उनकी प्राथमिकताएं और संतुष्टि हमारे प्रयासों में सबसे आगे रहें। श्डिश टीवी स्मार्ट्श सर्विसेज के साथ, हम अपने आदर्श वाक्य – श्नए भारत का स्मार्ट कनेक्शनश पर कायम रहते हुए, एक आधुनिक भारतीय परिवार की सभी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

# मऊ की पहचान महादेव से है, माफिया से नहीं – एके शर्मा



लखनऊ मऊ(आरएनएस) प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि मऊ की पहचान अब माफिया से नहीं, मऊ महादेव से होती है। घोसी लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन के सुभासपा प्रत्याशी डॉ. अरविन्द राजभर के नामांकन कार्यक्रम में गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्त्ता और आम जनता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. अरविंद राजभर जिनका चुनाव निशान छड़ी है, वह बहुत भारी मतों से घोसी लोकसभा सीट को जीतने जा रहे हैं। इसके लिये आप सभी का आशीर्वाद मऊ के बेटे के रूप में मांगने आया हूं। उन्होंने कहा कि अरविन्द राजभर को दिया गया एक–एक वोट, मोदी जी को दिए गया वोट माना जायेगा। मोदी जी देश की 80 करोड़ जनता की भोजन की व्यवस्था के लिए मुफ्त राशन वितरण कराया जो आगे भी निरंतर चालू रहेगा। वहीं 25 करोड़ लोगों को आवास और शौचालय देकर उनका मान सम्मान बचाया और सम्मान से जीने का हक दिलाया है। वहीं मोदी शासन में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर भी आये हैं। मंत्री ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी तक वह नगर विकास मंत्री के रूप में मऊ जिले के नगरीय क्षेत्र का विकास कर रहे थे, और अब पंचायती राजमंत्री के रूप में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश राजभर भी हैं। अब शहरों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भी तेजी से विकास होगा। यह विकास जो होगा मऊ जिले के साथ ही घोसी लोकसभा के सम्पूर्ण क्षेत्र का होगा। मंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रतिनिधि के रूप में जब डॉ. अरविन्द राजभर दिल्ली में होंगे, तो जो काम हमने आगे बढ़ाया है, उसको अरविंद जी और भी रफ्तार देंगे और आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेरा व्यक्तिगत स्वार्थ है और मैं आपसे आग्रह करने आया हूं कि मऊ के विकास के लिए अरविंद राजभर जी को जिताना है और छड़ी के निशान का बटन दबाना है। अरविन्द जी को दिया हुआ एक–एक वोट मा. मोदी जी को दिया माना जायेगा। अरविंद राजभर को दिया हुआ एक–एक वोट अरविंद शर्मा और अरविन्द राय जी को दिया हुआ वोट माना जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसा भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि अब तो हम आ गए, अब तो फलाने समाज का वोट या इस समाज का वोट हमारी तरफ आ रहा है। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि गलतफहमी न पालें, वोट लेने के लिए मेहनत और काम करना पड़ता है। जमीन की दलाली और प्लाटों की हेरा–फेरी करने से अब जनता वोट नहीं देती। मंत्री ने एक शेर कहते हुए कहा कि हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल कर.. मऊ के हालात आप खुद ही जानते होंगे, पिछले 03 साल में मा. योगी जी और मोदी के आशीर्वाद से मऊ जो माफिया का गढ़ कहा जाता था, उससे निकालकर उसकी जगह आज विकास की गंगा बहाने का काम किया जा रहा है। मऊ अब माफिया के गढ़ के रूप में नहीं, महादेव के नाम से जाना जाएगा। आने वाले दिनों में मऊ शरीयत के नाम से नहीं, बल्कि सेल्फी प्वाइंट और मां शीतला धाम के नाम से जाना जाएगा। मऊ वन देवी माई धाम के नाम से जाना जाएगा। मऊ सुहेलदेव भगवान के नाम से और एनडीए`म घोसी लोकसभा प्रत्याशी के छड़ी के निशान और अरविंद राजभर–अरविंद शर्मा के नाम से और उनके द्वारा जनता के लिए किए गए कार्यों से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें यह लड़ाई किसी भी हाल में जीतनी है। कोई भी किसी भी प्रकार का भ्रम फैलाने की कोशिश करे, तो आप उसके भ्रम में मत पड़ना। अगर हमें मऊ का विकास करना है, तो अरविंद राजभर को भारी मतों से जीत दिलाकर दिल्ली पहुंचाना है। मोदी जी को भेंट की गई जीत की माला में घोसी लोकसभा का भी एक फूल सजाना है। उन्होंने कहा कि यहां के निवासियों के विकास के लिए, मऊ के विकास के लिए और घोसी लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए छड़ी का बटन दबाना है। जिसमें एक विधानसभा रसड़ा भी है। जहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण की है। आपको एकजुट होकर डॉ. अरविंद राजभर को भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है।

# पेपर–लीक से सिर्फ बच्चों की ही मेहनत नहीं बल्कि माँ–बाप की मेहनत भी बेकार होती है – प्रियंका गांधी'

लखनऊ(आरएनएस) स कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जी ने चुनाव अभियान को गति देते हुए अमेठी के सलोन एवम तिलोई विधानसभा में जनसंपर्क किया एवं कई नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया स सलोन विधानसभा में प्रमुख रूप से सूची, मटका, कमालगंज, सलोन,परशेदपुर, डीह, नसीराबाद, परैयान मकसार, गाँधीनगर स तिलोई विधानसभा में बस अड्डा जायस, वहाबगंज, वहाबपुर थाना के एल शर्मा के समर्थन में मटका अमेठी में जनता से समर्थन की अपील करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी नें कहा कि नेता का सबसे पहला धर्म और कर्तव्य जनता की सेवा है और इस परंपरा का निर्वाह मेरे पूरे परिवार ने किया सआप की सेवा की परम्परा निभाते हुए हमारा पूरा परिवार आप से जुड़ा रहा और यह जुड़ाव राजनैतिक नहीं बल्कि पारिवारिक रहा है स आपका हमेशा से समर्थन और प्यार का मिलना ही कांग्रेस की शक्ति और विश्वास रहा है स आपके प्यार ने हमें हमेशा मजबूत बनाया और हमारे सेवा भाव ने आपको मजबूत । मेरे पिताजी, मेरी माताजी,और फिर मेरे भैया ने आपके विकास के लिए कार्य किया लेकिन इधर कुछ वर्षों में राजनीति बिल्कुल बदल गई है स पहले राजनीति के केंद्र बिंदु में सेवा भाव था,देशभक्ति थी स लेकिन आज की राजनीति मात्र सत्ता पाने की राजनीति है स आज मौजूदा केंद्र सरकार राजनीति बस इसी बात की करती है कि कैसे किसी भी हाल में सिर्फ और सिर्फ सीटें जीती जाएं स और अपनी सरकार बनाकर अपनी स्वार्थ सिद्धि की जाये स भले ही इन्हें सत्ता पाने के लिए विधायकों की खरीद फरोख्त भी करनी पड़े इन्हें स्वीकार है स हर गलत तरीकों से ये मात्र सत्ता पर अपनी पहुंच बनाना चाहते हैं स भैया के सामने जब ये चुनाव लड़ने आए तो इनका उद्देश्य सेवाभाव की राजनीति नहीं बल्कि किसी भी प्रकार से राहुल गांधी जी को हराना था और हराने के लिए इन्होंने इतनी गलत गलत बातें बोली जिनको सुनकर हम भी चौंक जाते थे स और इस नई सत्ता लोलुप राजनीति में भैया की हार भी हुई स लेकिन इन 5 सालों में आपको क्या मिला? आपके विकास के लिए कौन–कौन से कार्य किए गए? जितनी बातें हैं ये अपने जुमलों में बोलते है, धरातल पर अगर वो मौजूद नहीं है,तो उनके उन बातों को उत्तर सिर्फ आप दे सकते हैं स अपने मतदान के द्वारा अपने वोट के द्वारा स आपका संवैधानिक मताधिकार आपको ताकत देता है लोकतंत्र को बचाने का। प्रियंका ने कहा पिछले 10 वर्षों में जितने अमीरों के लोन माफ किए गए उनका अगर एक अंश भी आपके ऋण माफी पर लगाया गया होता तो शायद आपके जीवन की दशा सुधर गई होती स आपकी आय दुगनी भले नहीं होती, लेकिन कम से कम आपकी आय तो बढ़ती स ये लोग बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता के जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते हैं।

### आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्वरूप लग्जरी यूनिसेक्स सैलून एण्ड एकेडमी का हुआ शुभारंभ

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी लखनऊ के गोमती नगर वास्तु खण्ड में स्थित आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस स्वरूप लग्जरी यूनिसेक्स सैलून एण्ड एकेडमी का आज शुभारंभ हुआ..आपको बता दें कि इस नए नवेले आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस लग्जरी यूनिसेक्स सैलून में बहुत की आकर्षित मूल्यों पर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं..तो वहीं कुशल हेयर स्टाइलिस्ट और मेकप के जानकार आपकी सेवा में होंगे.. आपको बता दें कि हेयर स्टाइलिस्ट और ब्यूटी सैलून जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को सेवा प्रदान करते हैं, उन्हें अक्सर यूनिसेक्स कहा जाता है.. स्वरूप लग्जरी यूनिसेक्स सैलून एण्ड एकेडमी का शुभारंभ पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरविंद भूषण पाण्डेय के कर कमलों द्वारा किया गया..तो वहीं इस खास मौके पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, वीएचपी के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार दुबे, क्षेत्रिय पार्षद रामकेश यादव, जानकीपुरम के सभासद सौरभ तिवारी, आरएसएस सीतापुर के जिला संयोजक गंगा समग्र, पवन मिश्रा, अरविंद पाण्डेय, विकास तिवारी, आरएसएस के आरती आयाम के प्रमुख अधिवक्ता अनुराग पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे ।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# सी.एम.एस. शिक्षकों का हुआ भव्य सम्मान शिक्षकों ने निकाला 'चरित्र निर्माण मार्च'

लखनऊ, 10 मईः सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' आज सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर व पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. विक्रम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया जबकि विशिष्ट अतिथि श्री नीरज सिंह, चेयरमैन, एफ.आई.सी.सी.आई. लीडर्स फोरम, ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस भव्य समारोह में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर सारे देश में लखनऊ का गौरव बढ़ाने वाले सी.एम.एस. छात्रों व उनके माता–पिता का सार्वजनिक सम्मान विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर आई.ए.एस. परीक्षा में अखिल भारतीय प्रथम रैंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. छात्र आदित्य श्रीवास्तव के माता–पिता, आई.ए.एस. में चयनित सी.एम.एस.



छात्रा जान्हवी दुबे के माता–पिता एवं आई.ए.एस. में चयनित सी.एम.एस. छात्र कुणाल रस्तोगी, मृणाल कुमार, शिवांस अस्थाना, सम्यक चौधरी एवं अभ्युदय प्रताप को खासतौर पर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डा. विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी जी का आशीर्वाद व उनकी उपस्थिति आज यहाँ पूरी शिद्दत से महसूस हो रही है। विशिष्ट अतिथि श्री नीरज सिंह, चेयरमैन, एफ.आई.सी.सी.आई. लीडर्स फोरम, ने कहा कि सी.एम.एस. की सर्वात्तम शिक्षा पद्धति व सी.एम.एस. शिक्षकों के परिश्रम व लगन की बदौलत यहाँ के छात्र सी–लिंक से लेकर सिलकॉन वैली तक अपनी छाप छोड़ रहे हैं। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के कर्तव्यपरायण शिक्षकों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत शिक्षात्मक–साँस्कतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दूसरी ओर शिक्षा जगत के महानायक एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित आर्ट गैलरी ने सभी को उच्च जीवन मूल्यों एवं शैक्षिक उत्कृष्टता हेतु प्रेरित किया।प्रातः सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 3000 से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाओं व कार्यकर्ताओं ने आज विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण व नैतिक उत्थान की पुरजोर अपील की।

# अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर षचन्दन यात्राष दिनांक 10 मई से प्रारम्भ

लखनऊ रूइस्कॉन मंदिर लखनऊ के अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर चन्दन यात्रा महोत्सव का प्रारम्भ करते हुए उसकी महत्ता का वर्णन किया गया स चंदन यात्रा महोत्सव की कथा में श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने बताया कि एक बार भगवान के प्रिय भक्त एवं महान आचार्य माधवेंद्र पुरी जी को वृंदावन में भगवान गोपाल जी के विग्रह स्वप्न देते हैं कि हे माधवेंद्र जेठ माह में मुझे अत्यधिक गर्मी लगती है तुम जगन्नाथपुरी जाकर मेरे लिए चंदन लेकर आओ और मेरे शरीर पर लेप करो यह सपना आते ही माधवेंद्र पुरी जी वृंदावन से तत्काल पैदल पैदल जगन्नाथ जी पुरी उड़ीसा के लिए निकल पड़े और वहां से चंदन लेकर आते हैं और भगवान को उन्होंने चंदन लेप लगा कर यह सेवा पूरी की तबसे यह उत्सव चंदन यात्रा के रूप में पूरे विश्व में इस्कॉन के मंदिरों में धूमधाम से मनाया जाता है जो निरंतर 21 दिनों तक चलेगा ।

श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि श्रीकृष्ण तो परम पुरषोत्तम भगवान है, वे आत्माराम हैं, उन्हें किसी प्रकार की सुविधा की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन भक्तों के लिए भगवान ही



सब कुछ है, भगवान भक्तों के प्राण हैं, भगवान की प्रसन्नता एवं संतुष्टि के लिए हम सबको भगवान को चन्दन लगाकर उनके प्रति प्रेम और लगाव व्यक्त करना चाहिए सअक्षय तृतीया के शुभ एवं कल्याणकारी दिन हमे भौतिक जगत के भीषण ताप से मुक्त होने के लिए नित्य भक्ति द्वारा भगवान का आश्रय ग्रहण करना चाहिए, जिससे हम भी भागवत प्रेम के महासागर में तैर सकें सअक्षय तृतीया के अन्य महत्वपूर्ण अवसरों के विषय में अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा बताया गया कि आज ही श्रील प्रभुपाद ने भक्तों की लीग की स्थापना की (श्रील प्रभुपाद इस्कॉन के संस्थापक–आचार्य हैं, जो कृष्ण चेतना के लिए अंतर्राष्ट्रीय सोसायटी है। इस्कॉन शुरू करने से पहले, श्रील प्रभुपाद ने भारत में भक्तों की लीग नामक एक सोसायटी की स्थापना की, जो अक्षय तृतीया (16 मई) के शुभ दिन झांसी में वर्ष 1953 में हुई थी, सुदामा जी भगवान श्रीकृष्ण से मिले थे, आज ही पतित पावनी गंगा जी स्वर्गलोक से पृथ्वीलोक पर अवतरित हुईं थीं, आज ही बांके बिहारी जी के चरण दर्शन होते है और भगवान जगन्नाथ जी का रथ भी आज के ही दिन से बनना शुरू हो जाता है सश्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने मंदिर में उपस्थित भक्तों एवं सभी लखनऊ वासियों को अक्षय तृतीया एवं चन्दन महोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए चन्दन महोत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने का अनुरोध किया ।

# इस्कॉन लखनऊ द्वारा दो दिवसीय भगवत गीता सेमीनार का आयोजन

लखनऊ श्री श्री राधारमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सेक्टर एफ सुशांत गोल्फ सिटी सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ, लखनऊ द्वारा षएल्डको, सौभाग्यम, वृन्दावन योजना, शहीद पथ लखनऊ में दो दिवसीय भगवत गीता सेमीनार का आयोजन दिनांक 11–05–2024 एवं 12–05–2024 को किया जा रहा है, जिसमे मुख्य वक्ता इस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी जीवन के महत्पूर्ण बिंदुओं को श्रीमद भगवत गीता के अनुसार परिभाषित करेंगे, जो इस प्रकार हैं –1– क्या सच में भगवान है ?2– मृत्यु किसकी होती है?3– भगवान निराकार है या आपकी



तरह साकार?4– न चाहते हुए भी हम दुखी क्यों होते है?5– बुरे लोगों को दण्ड क्यों नहीं मिलता? 6– बुरी घटनायें अच्छे लोगों के साथ क्यों घटती हैं?यह कार्यक्रम कार्यक्रम समयरू सायं 06:00 बजे से 08:30 बजे तक चलेगा कार्यक्रम के समापन पर उपस्थिति भक्तों के लिए स्वादिष्ट भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गयी है।

# राहगीरों के लिए स्वच्छ शीतल जल के लिए एक प्याऊ का आयोजन किया गया

झांसी! निशुल्क प्याऊ लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोगों में डिहाइड्रेशन एवं स्वच्छ जल की जरूरत को समझते हुए बुंदेलखंड क्षेत्रीय महिला सभा के तत्वाधान में अध्यक्ष आदरणीय श्रीमती प्रभा सराओगी जी के संयोजन से लॉर्ड महाकालेश्वर इंटर कॉलेज में राहगीरों के लिए स्वच्छ एवं शीतल जल के लिए एक प्याऊ का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में श्रीमती कुसुम गुप्ता श्रीमती रजनी गुप्ता श्रीमती गीता गुप्ता श्रीमती नीलम बिलैया श्रीमती संजना गुप्ता जी विद्यालय प्रबंधक श्री विशाल गुप्ता जी कस्तूरबा बुक श्री अजय राय जी परी पटेल दीपाली प्रजापति चांदनी प्रजापति काजल कुशवाह वंदना कुशवाहा नेहा कुशवाहा मुन्नी साहू उषा साहू सोनू विश्वकर्मा सचिव रजनी गुप्ता, उपाध्यक्ष नीलम बिलैया, उपाध्यक्ष गीता कनकने संगठन मंत्री संजना मटेले कुसुम सेठ और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# जनाधार खो चुके नेताओं की मंडली बनी गठबंधन प्रत्याशी की खेवनहार

सुल्तानपुर (आरएनएस)। सभी चाहते है कि हमारा पडोसी, हमारा सांसद, विधायक सब बेदाग छवि का हो आवश्यकता पर हमारे काम आए, हमारे क्षेत्र का विकास करे, सर्व सुलभ हो, निर्विवाद हो और स्थानीय हो तो सबसे बेहतर हो। भाजपा से मेनका गांधी 38 लोकसभा सुल्तानपुर से सासंद प्रत्याशी है, तो वही गोरखपुर के राम भुआल निषाद इंडिया गठबंधन से है, बसपा से उदराज स्थानीय होते हुए भी चुनावी माहौल में गर्माहट नही ला पा रहे है। अब सवाल उठता है कि चुनावी गणित में कौन कितनी मजबूती के साथ मैदान में है। जनताध्वोटर भी बहुत नजदीकी नजर से देख रही है और समीक्षा भी कर रहे है कि सुल्तानपुर और यहा की अवाम के लिए कौन मुफीद है। भाजपा की बात करे तो मेनका गांधी बाहरी होते हुए भी अपनी कार्य शैली के दम पर पांच साल में खुद को साबित कर दिया है कि हम जातिध्धर्म और मजहब से परे हटकर काम करने वालों में है। तो वही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद दर्जनों अपराधिक मामलों से लदे होने के बाद गोरखपुर से दाल ना गलने के बाद सुल्तानपुर से किस्मत आजमा रहें है और इनके सारथी वो बने है जो विधानसभा चुनाव में खुद की सीट नही बचा पाएं। उनके ऊपर सासंद बनाने की जिम्मेदारी है, वोटर तलाश रहा है कि सपा से सिर्फ एक वर्तमान और चार पूर्व विधायक ही जिले में है, तो फिर पूर्व विधायक सफदर रजा किस पार्टी में है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद चुनावी मैदान में दिखाई तो दिए थे लेकिन अब फ्रेम से बाहर है तो वही सपा संस्थापकों में रहें वरि.सपा नेता मुईद अहमद रंगोली, खुर्शीद खान आदि कहा गायब है। सवाल उठता है कि अब इंडियां गठबंधन को इनकी जरूरत नही रही। देखना होगा कि सपा की रीढ़ रहे नेताओं को कितनी तरजीह मिलती है। सूत्र तो यहातक बताते है कि प्रत्याशी राम भुआल निषाद बाहरी होने के चलते उन्हें सुल्तानपुर की वास्तविकता से दो–चार होने ही नही दिया जा रहा है। श्री निषाद को गफलत से बाहर आने ही नही दिया जा रहा है, जिससे उन्हें इस बात का एहसास हो कि चुनावी मैंदान में इंडिया गठबंधन कहां है?।

# जिला मुख्यालय को तहसील मुख्यालय को जोडने के लिए टूलेन मार्ग का निर्माण अधर में

प्रदेश की सरकार द्वारा तहसील मुख्यालयों को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए टू लाइन मार्ग की स्वीकृति दी थी लेकिन यहां तो यह मार्ग जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बनकर रह गया। आपको बता दें कि पाराबाजार से तहसील मुख्यालय बल्दीराय जाने के लिए एक मार्ग है जिससे जिला के अधिकारी तहसील मुख्यालय आते जाते हैं। सूत्रों के अनुसार यह मार्ग अभी तक टू लेन नहीं बन सका येन–केन प्रकारेण के चलते बल्दीराय से बिंदेश्वरीगंज बाजार तक मार्ग को बनवा दिया गया परंतु बल्दीराय से पारा बाजार तक मार्ग की दशा दयनीय होती जा रही है। किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस मार्ग के निर्माण के लिए कोई भी सार्थक पहल नहीं की गई। क्षेत्रवासियो द्वारा बार–बार मांग की जाती रही लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा इस महत्वपूर्ण मांग को नजर अंदाज किया जाता रहा।

# सहायक संभागीय परिवहन ने वाहन स्वामियों से की अपील

सुल्तानपुर (आरएनएस)। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कसी हुई है। परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में ही सभी वाहन स्वामियों को वाहन अधिग्रहण आदेश दिया जा चुका है।उसी क्रम में एआरटीओ सुल्तानपुर नंद कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि लोक सभा चुनाव–2024 हेतु जनपद में संचालित सभी स्कूली वाहनध्प्राइवेट बस एवं हल्के और भारी वाहनों को अधिग्रहण भेजा जा चुका एवं सभी वाहन स्वामियों को वाहनों का अधिग्रहण आदेश प्राप्त भी हो चुका है।सभी वाहन स्वामियों से अपील की जाती है कि प्राप्त अधिग्रहण के अनुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने वाहन को निर्धारित स्थल पर भेजें जिससे मतदान कर्मियों को समय से निर्धारित स्थल तक पहुंचने में कोई समस्या न उत्पन्न हो। यदि पूर्व सूचना के बाद भी वाहन समय से निर्धारित स्थल तक नहीं पहुंचते तो सम्बन्धित वाहन स्वामियों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी जिसके सम्पूर्ण उत्तरदायी वाहन स्वामी स्वयं होंगे।

# जनप्रतिनिधियो की उपेक्षा का शिकार बनकर रह गया बल्दीराय क्षेत्र

## पूर्वाचल एक्सपेस वे पर क्षेत्र वासियो को नही मिल पाया एक कट

बल्दीराय सुलतानपुर (आरएनएस)।. जिले की नवनिर्मित तहसील बल्दीराय क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दंश झेल रहे है। क्षेत्रवासी चुनावी वादो को भी जन प्रतिनिधियो ने पूरा नही किया और पुनः वोट मांगने की दस्तक शुरू हो गई। क्षेत्रवासियो का दर्द इस 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। क्षेत्रवासी आज भी कई असुविधाओ से जूझ रहे है लेकिन इनका दर्द शायद इन जनप्रतिनिधियो के लिए कोई मायने नही रखता।

# पूर्वाचल एक्सप्रेसवे पर नही बन सका कट

शासन ने लखनऊ से बलिया तक पूर्वाचल एक्सप्रेस वे का निर्माण करवा कर जिले में विकास का रूप तो दिया लेकिन सवाल यह है इसौली विधानसभा वासियो को इसका क्या लाभ मिला। बल्दीराय में तहसील सहित अन्य कई सरकारी विभाग होने के कारण अथवा व्यापारिक उदेश्य से लोगो का आना जाना राज्य मुख्यालय तक प्रायः रहता है। क्षेत्रवासियो ने कई बार जन प्रतिनिधियो से तहसील मुख्यालय स्थित पूर्वाचल एक्सप्रेसवे पर ग्राम चक टेरी में एक छोटा कट बनवाए जाने की मांग की थी। जनप्रतिनिधियो ने कट बनवाने का वादा भी किया लेकिन धीरे धीरे पाँच वर्ष बीत गया आज तक क्षेत्र वासियो की यह महत्वपूर्ण मांग पूरी न हो सकी। क्षेत्रवासी अपने जनप्रतिनिधियो के किए वादो की राह देखते हुए कोस रहे है।

# आजादी के वाद से चल रही रोडवेज बस को किया बंद

बल्दीराय क्षेत्र से जिला मुख्यालय जाने के लिए आजादी के बाद से ही एक रोडवेज बस चलाई गई थी जो विगत 55 वर्षों से लगातार चल रही थी। परंतु सात माह पहले अचानक विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त बस को बंद कर दिया गया। जिससे बल्दीराय क्षेत्र वासियो के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। बल्दीराय इसौली पारा बाजार सहित क्षेत्र की कई प्रमुख बाजारों के व्यापारी का प्राय जिला मुख्यालय जाना आना होता है जो डग्गमार वाहन से जिला मुख्यालय की सफर कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग की लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा रोडवेज की बंद हुई बस को चलाने का प्रयास नहीं किया गया।

# मोदी सरकार ही श्रेष्ठ सरकार – उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल

उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवम भाजपा मीडिया प्रभारी देवाशीष देव ने आगामी



लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए बताया कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार जनता की उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खरी उतरी है । उत्तर प्रदेश लकड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवाशीष देव ने कहा ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा जनता के कल्याण के लिए और हर वर्ग को मजबूत करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई । इनमें से प्रमुख योजनाएं है सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना स लगभग 9 वर्षों में मोदी सरकार ने केवल जनता और गरीबों के कल्याण के लिए ही कार्य किया है और सदैव जनता के कल्याण हेतु अग्रसर रहती है । पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा आज तक ऐसी योजनाएं जनता तक नहीं पहुंचाई गई । आज हमारे देश का किसान, युवक, युवती, छात्र–छात्राएं,वृद्ध जन एवम सरकारी कर्मचारी सभी वर्ग के लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और उनका जीवन संवर रहा है स ऐसी सरकार को निश्चित रूप से जनहित हेतु पुनरू आना चाहिए ।

# अवैध शस्त्र की फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

सुल्तानपुर (आरएनएस)। जिले में क्राइम ब्रांच व करौंदीकला पुलिस टीम ने शुक्रवार को अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ा है। जहां से दो तस्कर 8 अवैध असलहों व 18 अर्द्ध निर्मित असलहों के साथ गिरफ्तार हुए हैं। इनमें एक तस्कर गन हाउस की दुकान पर काम करता था, वहां से असलहा बनाने का काम सीखने के बाद उसने अवैध फैक्ट्री डाल दी। ऐसा पुलिसिया पड़ताल में सामने आया है। एक तस्कर प्रयागराज तो दूसरा सुल्तानपुर में इसी कार्य में लिप्त रहते हुए जेल जा चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी धीरेंद्र वर्मा को इनपुट मिला था कि उपेंद्र प्रताप सिंह रोजमर्रा की तरह करौंदीकला के शोधनपुर लोहारटोला में अवैध असलहा तैयार किया जा रहा। जिस पर शुक्रवार सुबह थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह की टीम के साथ दबिश मारी गई। जहां एक पुराने मकान



में दो अज्ञात व्यक्ति आकार ठहरे हुए थे। तत्काल पुलिस तथा क्राइम ब्रांच टीम ने घेराबंदी कर दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 8 तमंचा तथा 15 अर्धनिर्मित तमंचे, ढेर सारी कीलें, हथौड़ी, पेचकस, मुठिया, रिपिट, नाल, सुम्मी सहित अन्य तमंचा बनाए जाने वाले उपकरण बरामद हुए। पूछे जाने पर अभियुक्तों ने अपना नाम मो. मुस्तकीम पुत्र नन्हकू निवासी पैगापुर थाना कोतवाली नगर तथा शेख मोहम्मद अली विक्की पुत्र शेख मोहम्मद कासिम निवासी हसनपुर थाना बंधुआकला बताया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शेख मोहम्मद कोतवाली नगर क्षेत्र में मद्रासी गन हाउस पर पूर्व में काम करता था। यहां से उसने असलहा बनाना सीखा और एकांत में जाकर अवैध शस्त्र की फैक्ट्री डाल दिया। उन्होंने ये भी बताया कि शेख मोहम्मद को पूर्व में प्रयागराज पुलिस इसी मामले में जेल भेज चुकी है। वही मो. मुस्तकीम को सुल्तानपुर पुलिस जेल भेज चुकी है। दोनों की क्रिमिनल हिस्ट्री तलाश की जा रही है।

# पंद्रह महीने से लगातार मुफ्त भोजन उपलब्ध कराना महान कार्य – मदन सिंह



सुल्तानपुर (आरएनएस)। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाली जिले की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ का सप्ताह में एक बार मरीजों तीमारदारों यात्रीयों तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन वितरण करने का काम निरंतर चल रहा है। संघ के अध्यक्ष मेराज खान के संयोजन में बृहस्पतिवार की देर शाम राजकीय मेडिकल कालेज एव जिला चिकित्सालय में शुद्ध और पौष्टिक निःशुल्क भोजन मरीजों व उनके तीमारदारों को वितरित किया गया। निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त सुल्तानपुर स्वच्छता के ब्रांड अम्बेसडर एवं गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रख्यात अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह 'मदन' ने निःशुल्क भोजन की थाली मरीज को देकर किया। उन्होंने कहा कि अन्नदान सर्वश्रेष्ठ होता है। मनुष्य को मानवता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ लगभग पंद्रह महीने से लगातार जरूरतमन्दों को मुफ्त भोजन उपलब्ध करा कर परोपकार के कार्य में अपना महती योगदान कर रहा है जो बहुत ही महान कार्य एव अनुकरणीय है। उधर स्थानीय रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के सामने महाराष्ट्र के महाविद्यालय में प्रोफेसर और राइटर मौलाना आलम नदवी ने खाने की थाली वितरित किया।

# भव्य आयोजन के साथ धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

सुल्तानपुर (आरएनएस)। अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा बस स्टेशन से निकलकर कलेक्ट्रेट गेट के सामने से होते हुए डाकघर चौराहे की तरफ रवाना हुई विभिन्न राजनीतिक दल समेत सामाजिक कार्यकर्ता और परशुराम संगठन के लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। इसी के साथ सांसद मेनका गांधी शहर के गोलाघाट स्थित परशुराम चौराहे पर पहुंची जहां पर पुष्प चढ़ाया युवाओं की तरफ से सामाजिक एकजुट और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। वही जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। जगह–जगह धार्मिक अनुष्ठान के साथ विभन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुकुंद मिश्र के संयोजन मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पंडित जय नारायन तिवारी ने परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। परशुराम



किसी वर्ग–विशेष के नहीं अपितु पूरे समाज के आराध्य हैं। उन्होंने अत्याचार व अन्याय के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने भगवान परशुराम को सबसे बड़ा धर्म रक्षक बताया। उन्होंने सभी लोगों से भगवान परशुराम के जीवन को आत्मसात करने की बात कही। उधर शोभा यात्रा मोतिगरपुर से पांडेय बाबा धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई जहां भगवान परशुराम की जय उद्घोष के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सीताराम मिश्र ने किया। पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा मुन्नू, जयप्रकाश पाठक, भगवान परशुराम के जीवन चरित्र का वर्णन किया।

# संपादकीय

## चंदा लेने का आरोप

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की गई है। उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस से देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई की एवज में 1.6 करोड़ डॉलर बतौर चंदा लेने का आरोप है।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया के साक्ष्य–आधारित आरोप के मद्देनजर एनआईए जांच की अनुशंसा की है। केजरीवाल पहले से ही आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जिसमें जमानत पर मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके एक दिन पहले जांच की सिफारिश की गई है। ताजा आरोप केजरीवाल के वर्तमान और भविष्य के लिए एक नये फंदे की तरह है।

पंजाब के खालिस्तान आंदोलन के दौरान भुल्लर का रक्तरंजित इतिहास रहा है। वह खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकी है, जिसने दिल्ली की रायसीना रोड स्थित युवक कांग्रेस मुख्यालय के सामने 11 सितम्बर, 1993 को बम विस्फोट कर राजधानी को दहला दिया था। इसमें 11 लोग मौके पर ही मारे गए थे। जाहिर तौर पर यह मामला मौजूदा कानून के मुताबिक देशद्रोह की कोटि में आता है। ऐसे में चंदे का आरोप सिद्ध हो गया, जैसा कि उपराज्यपाल का मोंगिया के सुपुर्द किए साक्ष्यों के आधार पर दावा है, तो केजरीवाल राजनीतिक बियावान में जा सकते हैं।

एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को यह कहते सुना–देखा गया है कि केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार को 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तान समर्थक समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग मिली थी। फिर भी आप को इसमें राजनीतिक षड्यंत्र लगता है। इसका मकसद आम चुनाव से केजरीवाल को दूर रखना है। उसे लगता है कि उपराज्यपाल भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें सांविधानिक एजेंट के रूप में काम करना चाहिए।

इस पद की व्यवस्था केंद्र–राज्य सरकारों के बीच समन्वयक एवं संकटमोचक दायित्व–पूर्ति के लिए की गई है। आप ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसके आरोप का आधार क्या है? पर ऐसे गंभीर आरोप किसी भी पार्टी या सरकार की मुखिया के विरुद्ध लगे तो उसकी जांच की सिफारिश उपराज्यपाल का संवैधानिक दायित्व है। इसे केवल चुनाव या जमानत पर सुनवाई की टाइमिंग या इस बिना पर भी स्थगित नहीं किया जा सकता कि ये आरोप किसी खास संगठन की तरफ से लगाए जा रहे हैं।

## पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए

यूं तो सोशल मीडिया पर सचेत करते हुए कई वीडियो और दावे सामने आते रहते हैं, लेकिन कितने सच होते हैं, यह सामान्यतया कोई भी नहीं कह सकता।

हालांकि कभी–कभी कोई ऐसा वीडियो सामने आ जाता है जो विचलित कर देता है और अक्सर लोग सच्चाई जाने बिना ही भरोसा कर बैठते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बीते दिनों बहुत तेजी से वायरल हुआ जिसमें हरी टी शर्ट पहना एक छोटा बच्चा जो कि किसी मेले में दिख रहा है। एक दूकानदार से गिलास में कुछ लेता है जिसमें बहुत तेज सफेद और गाढ़ा धुआं निकलता है। बच्चा उसे पीता है और तुरंत पेट पकडकर चीखने–चिल्लाने लगता है। बच्चे को तुरंत चिकित्सकीय मदद पहुंचाई गई। बहरहाल, वीडियो की सत्यता=असत्यता से परे हटकर सोचें तो अगर वाकई में ऐसा है तो हम सभी को गंभीरता से इस बारे में सोचने की जरूरत है।

वीडियो में दिख भी रहा है कि उस पर स्मोक बिस्किट लिखा है। आजकल ऐसे पदार्थ खाने को सजावटी आकार देने के साथ बच्चों में आकषर्ण बढ़ाने के लिए बनाना आम हो गया है, जिनमें ड्राई आइस या लिक्विड नाइट्रोजन का अनुपातहीन उपयोग आम सा हो गया है। भारत में इसका तेजी से पार्टियों या पिकनिक, मेलों में चलन बढ़ रहा है। वास्तविकता यह है कि बच्चा दावणगेरे में परिजनों के साथ एक प्रदशर्नी में गया था और उसने वहां पर एक स्टॉल से स्मोक बिस्किट लिया और उपयोग करते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। सुकून की बात है कि वीडियो के जरिए फैलाई जा रही मौत की बातें अफवाह निकली, लेकिन इस वीडियो ने कई सवाल जरूर पैदा कर दिए।

क्या आम दावतों, पार्टियों, चौपाटियों या चाट, पकौड़े, आईसक्रीम या ठण्डाई के नाम पर बिना किसी स्वीकृति के कुछ भी उपयोग की इजाजत है? और क्या भारत में कहीं भी कोई अपनी मनमर्जी से स्वाद या आकषर्ण बढ़ाने के लिए किसी भी प्रतिबंधित, घातक या अनुपातहीनमात्रा में मसाले, रसायन खाने में उपयोग कर सकते हैं? इस पर लोग कितना जागरूक हैं? स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह ऐसी चीजों के इस्तेमाल का क्या कोई तय पैमाना है और है तो इसका कैसे हो? सबको पता है कि पूरे देश में चाहे गांव, कस्बा, महानगर हर कहीं बाजार में तैयार खाने का चलन बहुत तेजी से बढ़ा है। देश में रेस्टॉरेन्ट, होटल और ढाबों में लोगों के शौकिया आना–जाना भी खूब बढ़ा है।

आउटिंग या बाहर खाने के चलन ने ऑनलाइन फुड को एक नई इंडस्ट्री की शक्ल दे दी, लेकिन सवाल यही कि आखिर बाजार में बिकने वाला रेडीमेड खाना स्वास्थ्य के लिहाज कितना मुफीद है? क्या इस तरह के खाना बनाने वाले ठिकानों और सप्लाई के लिए पहुंचाने के दौरान बनाने और खाने वालों के बीच खाने की गुणवत्ता में बदलाव या स्तरहीनता को परखने का कोई तंत्र है? शायद नहीं और हो भी तो लोगों ने कभी बीच सडक खाने की जांच होते या सैम्पलिंग देखी नहीं। ऐसे सवाल उठने वाजिब हैं। सडकों के किनारे ढाबे हों या बीच शहर के होटल या स्ट्रीट फूड की जगहें। कभी यहां नियमित जांच होती हैं या हुई लोगों को ध्यान नहीं आता। निश्चित रूप से ऐसी निगरानी उस क्षेत्र के जिला प्रशासन के अधीन होती हैं, लेकिन सवाल वही कि इस पर अमल कैसा होता है? जिस तेजी से बाहर खाने का चलन बढ़ रहा है और तैयार खाने का ऑनलाइन कारोबार बढ़ रहा है जो उद्योग की शक्ल अख्तियार कर रहा है।

तमाम तरह के टैक्स के दायरे में भी आता है परन्तु गुणवत्ता को लेकर किस तरह के निर्देश हैं या अमल करना है इस पर आम लोगों को कुछ पता नहीं होता। समय के साथ अब इस बात पर भी सख्त कानून बने और पालन में भी कठोरता की जाए ताकि रेडीमेड फूड उद्योग भी एक पारदर्शी निगरानी व्यवस्था के दायरे में आए। बना बनाया या बनाकर खाने के बेचने या पैक कर घर–घर पहुंचाने का रिटेल या थोक कारोबार हो या स्ट्रीट वेन्डर से लेकर पांच सितारा होटलें इनकी गुणवत्ता की जांच के लिए हर कहीं सूचना पटल हों। महानगरों, शहरों और दूकानों में बड़े–बड़े होर्डिंग, बैनर या पोस्टर अनिवार्य हों, जिनसे लोगों की इस बारे में जागरूकता बढ़े। हर दुकानदार, खाने की सामग्री बेचने वाले ठिकानों पर उस क्षेत्र के स्थानीय नियंत्रणकर्ता एजेंसी की जानकारी तथा संपर्क सूची भी लगाई जाए जहां पर गुणवत्ता में दोष की शिकायत की जा सके।इतना ही नहीं विशेष परिस्थितियों में खाने के सैंपल को जांचने के लिए स्थानीय सरकारी विभाग भी तत्पर रहे। अब तक ऐसे गंभीर मामले या तो पुलिस के पास पहुंचते हैं या फिर हीला–हवाली में ही अपराध के बावजूद अनदेखे रह जाते हैं।

# भारत के पास तिब्बत के रूप में है ऐसा ब्रह्मास्त्र, चीन की सारी चालबाजियों को पल भर में कर देगा परास्त



फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है। दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नहीं करेगा। उन पर दबावदृ धौंस नहीं दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुसपैंठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है। बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार रहा है। परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की हैं और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी हैं, तबसे चीन दहशत में हैं। चीन ब्रह्मोस का काट नहीं निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रहमोस को नहीं रोक सकते। ब्रह्मोस की काट निकालने के लिए चीन फिलीपींस को डराने के की कोशिश में जुटा है। चीन ने फिलीपींस के बेहद करीब अपने ड्रोन को भेजा है ताकि फिलीपींस डर जाए। लेकिन चीन का ये कदम बताता है कि असली डर फिलीपींस को नहीं बल्कि चीन को है क्योंकि अब साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। भारत पहले ही चीन के शत्रु देश वियतनाम की पीपुल्स नेवी को अपना आधुनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण कर चुका है। इस युद्ध पोत पर आधुनिक मिसाइल तैनात हैं। दरअसल अब तक चीन भारत को घेरने में लगा था। वह भारत के दुश्मन देशों को आधुनिक अस्त्र.शस्त्र की आपूर्ति करने में लगा था। अब ऐसा उसके साथ हो रहा है तो वह परेशान है। चीन भारत में अशांति फैलाने वाले नक्सलाइड, मिजों एव अन्य आंतकियों को आधुनिक शस्त्रों की आपूर्ति करता रहा है। सूचनाएं रही हैं कि उन्हे प्रशिक्षण भी दे रहा है। ऐसे में समय की मांग है कि भारत अब चीन के विरूद्ध चल रहे तिब्बत के पूर्ण स्वतंत्रता के आंदोलन का खुलकर समर्थन करें। जरूरत पड़ने पर तिब्बती के आजादी के आंदोलन के लड़ाकों को शस्त्र के साथ प्रशिक्षण भी दे।

भारत की नहीं चीन के रवैये से दुनिया के लगभग सभी देश परेशान हैं।इसी कारण फिलीपींस और अमेरिकी सेना का साझा युद्धाभ्यास हाल में शुरू हुआ। इस मिलिट्री ड्रील में जापान की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं। 16000 हजार सैनिक साझा युद्धभ्यास में शामिल हैं। सबसे बड़ी बात कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के सैनिक भी कुछ दिन में इस ज्वाइंट एक्सरसाइज से रहेंगे। मतलब पांच देश चीन को घेरने के लिए एक साथ होंगे। इस ड्रील में समुद्री और हवाई हमलों का अभ्यास किया जाएगा। भारत के ब्रह्मोस देने के बाद से चीन परेशान है। अभी तो ब्रह्मोस तैनात भी नही हुई होंगी कि चीन परेशान है। वह फिलीपींस पर ड्रोण उड़ाकर उसे धमका रहा है। सवाल है कि क्या ड्रोन के जरिए चीन ब्रह्मोस के बारे में जानकारी जुटाना चाहता है। सवाल तो ये भी है कि क्या चीन उस ठिकाने का पता लगाना चाहता है, जहां फिलीपींस ब्रह्मोस को तैनात करेगी। चीन ने ड्रोन के अलावा समंदर में मिलिट्री ड्रील के जरिए भी फिलीपींस को आंख दिखाने की कोशिश की है। चीन की नौसेना ने साउथ चाइना सी में लड़ाकू विमानों और युद्धपोत से मिसाइलें दागकर फिलीपींस को डराने की कोशिश की। दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है। चीन के टेंशन इस बात की है कि अब भारत चीन सीमा के साथ चीन–फिलीपींस सीमा पर भी ब्रह्मोस तैनात होगा। अब तो चीन के एक और दुश्मन और पड़ोसी वियतनाम ने भी ब्रह्मोस में दिलचस्पी दिखाई है, जो चीन के लिए खतरे की घंटी है। फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन के करीब जापान पर भी अमेरिका का बेस है। ऑस्ट्रेलिया–सिंगापुर में अमेरिका ने अपना बेस बना रखा है। थाईलैंड और साउथ कोरिया में अमेरिकी सेनाएं तैनात हैं। चीन के करीब गुआम में भी अमेरिका का बेस है। इन जगहों से वक्त पड़ने पर कभी भी अमेरिका चीन पर हमला कर सकता है। चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। चीनी सेना के प्रवक्ता ने फिलीपीन्स को ब्रह्मोस देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि 'चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए। कर्नल वू कियान ने कहा कि एशिया–प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करता है। आज चीन को याद आ रहा है कि दो देशों के रक्षा सहयोग से तीसरे को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, किंतु जब वह खुद ऐसा करता है, तब उसे कुछ याद नहीं आता। लंबे समय से वह पाकिस्तान को आधुनिकतम युद्धक शस्त्र देने में लगा हुआ है। वह नहीं जानता कि पाकिस्तान इन शस्त्रों का प्रयोग किस देश के विरूद्ध करेगा। वह अच्छी तरह से जानता और समझता है। किंतु अपने हित में उसे कुछ याद नहीं आता। अब उसके दुश्मन देश भारत, अमेरिका और फ्रांस आदि ऐसा ही कर रहे हैं तो उसे याद आ रहा है तीसरे राष्ट्र को नुकसान न पहुंचे। भारत फिलीपीन्स को ही ब्रह्मोस मिसाइल नहीं दे रहा। वियतनाम भी इस मिसाइल को खरीदने में रूचि दिखा रहा है। यह तो है कि वियतनाम भी खरीदता है तो भारत उसे ब्रह्मोस देगा। प्रथम वरीयता पर देगा। भारत अपना आधुनिकतम युद्धपोत खुखरी वियतनाम को पहले ही उपहार में दे चुका है। ये आधुनिक युद्धास्त्रों से सज्जित युद्धपोत है। भारत की ये कार्रवाई दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये को लेकर चिंताओं के बीच यह भारत और वियतनाम में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। अधिकारियों ने कहा भी कि भारत ने पहली बार किसी मित्रवत देश को कोई सेवारत पोत उपहार में दिया है। भारतीय नौसेना ने कहा कि पोत पूरी ''हथियार प्रणाली'' के साथ वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंपा गया है। आईएनएस कृपाण, 1991 में सेवा में शामिल किए के बाद से भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक अभिन्न अंग रहा और पिछले 32 वर्षों में कई ऑपरेशन में भाग लिया। लगभग 12 अधिकारियों और 100 नाविकों द्वारा संचालित, जहाज 90 मीटर लंबा और 10.45 मीटर चौड़ा है। भारत जैसे का तैसा की नीति पर चल चुका है। अब वह कमजोर भी नही है। दुश्मन से आंख में आंख डालकर बात कर रहा है। ऐसे में अब चीन में घाव पर पूरी ताकत से हथौड़ा मारने का समय आ गया। चीन की बड़ी कमजारी है तिब्बत। तिब्बत पर उसने कब्जा किया हुआ है। तिब्बत की अस्थाई सरकार के धर्मशाला नगर में चल रही है। भारत के रूख के कारण तिब्बती अभी तक शांतिपूवर्क आदोलन कर रहे हैं। भारत ने तिब्बत की आजादी की लड़ाई का कभी समर्थन नहीं किया। अब समय आ गया है कि भारत इस आंदोलन का समर्थन करें। तिब्बत सरकार को मान्यता दें। तिब्बती आंदोलनकारी को शस्त्र और युद्ध प्रशिक्षण दे। जब तक दुश्मन को उसके घर में ही नही घेरा जाएगा, तक तक वह नही मानने वाला। घर में घिर कर वह अपने में उलझ जाएगा और दूसरों को तंग करना बंद कर देगा। चीन सरकार वहां बसे उइगुर मुसलमानों पर बेइतहां जुल्म करने में लगी है।

मुस्लिम देश चुप हैं। भारत अपने परिचित मुस्लिम देश और संगठनों से उइगुर मुसलमान की आजादी और कल्याण के लिए आवाज बुलंद कराएं।

– अशोक मधुप

## आज का राशिफल

मेष राशिरू आज का दिन आपके लिए खघस होने वाला है। आज वर्क स्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे। संतान पक्ष से कोई खुशखबरी मिलेगी।

वृष राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, व्यापारिक योजनाओं को लेकर थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन घूमने–फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते हैं तो सोच–समझ कर ही करें।

कर्क राशिरू आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

सिंह राशिरू आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए–पैसों के मामले में लापरवाही करने से आज आपको बचना चाहिए। टूर–ट्रेवल्स से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

कन्या राशिरू आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में आप कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज स्टूडेंट्स को कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज फैमिली वालों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। नव विवाहित दंपति आज एक–दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

तुला राशिरू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े–बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

धनु राशिरू आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं।

मकर राशिरू आज आपका दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे।

कुंभ राशिरू आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा।

मीन राशिरू आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी–खुशी रहेंगे। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्ट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है।

# सपा के लिये नाक की बात, कन्नौज–इटावा हैं खास



साल 2000 में हुए उप–चुनाव में कन्नौज सीट मुलायम सिंह के बेटे और मौजूदा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उतारा गया। इसके साथ ही अखिलेश ने चुनावी राजनीति में एंट्री ली। अखिलेश का राजनीति में यह प्रवेश जीत के साथ हुआ। उन्होंने इस उपचुनाव में जीत दर्ज की और लोकसभा पहुंचे। उत्तर प्रदेश में चौथा चरण समाजवादी पार्टी के लिये विशेष महत्व रखता है। चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान में 13 सीटों पर ही चुनाव भी होना है। चौथे चरण में सपा के दबदबे वाली इटावा और कन्नौज की लोकसभा की दो ऐसी सीटें है। जो कभी समाजवादी पार्टी का गढ़ हुआ करती थीं, लेकिन अब यहां खासकर इटावा में हालात काफी बदल गये हैं। फिर भी सपा की यहां जीत की संभावनाएं कम नहीं हैं। पहले बात कन्नौज की। कन्नौज लोकसभा सीट इन दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव के यहां से चुनाव मैदान में कूदने के कारण सुर्खियों में है। सपा ने यहां पहले तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, नामांकन से ठीक पहले तेज प्रताप का नाम कट गया। इस सीट अखिलेश के सामने भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक को टिकट दिया है। बसपा के इमरान बिन जाफर भी यहां मैदान में हैं। कन्नौज हमेशा से लोकसभा सीट नहीं थी। यह 1967 में अस्तित्व में आई थी। साल 1967 में हुए आम चुनाव में कन्नौज सीट पर डॉ. राम मनोहर लोहिया को जीत मिली थी। संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उतरे लोहिया ने कांग्रेस के एसएन मिश्रा को मात्र 472 वोटों से हराया था। इसके बाद कन्नौज लोकसभा सीट 1999 के चुनाव से खास हो गई। क्योंकि कन्नौज सीट पर सपा उम्मीदवार और कोई नहीं बल्कि तब के सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव मैदान में स्वयं उतर गये थे। इस चुनाव में उनकी टक्कर किसी बड़े राजनीतिक दल के उम्मीदवार की बजाय एक गैर–मान्यता प्राप्त दल अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी से हुई। मुलायम सिंह ने लोकतांत्रिक कांग्रेस की तरफ से उतरे अरविंद प्रताप सिंह को 79,139 वोटों से हराया। 1999 के लोकसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने कन्नौज के साथ ही संभल लोकसभा सीट से भी जीत दर्ज की थी। नतीजों के बाद मुलायम सिंह यादव संभल सीट से सांसद बने रहे और कन्नौज सीट से इस्तीफा दे दिया। साल 2000 में हुए उप–चुनाव में कन्नौज सीट मुलायम सिंह के बेटे और मौजूदा सपा प्रमुख अखिलेश यादव को उतारा गया। इसके साथ ही अखिलेश ने चुनावी राजनीति में एंट्री ली। अखिलेश का राजनीति में यह प्रवेश जीत के साथ हुआ। उन्होंने इस उपचुनाव में जीत दर्ज की और लोकसभा पहुंचे। साल 2004, इस बार कन्नौज सीट से एक बार फिर अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरते हैं। इस चुनाव में अखिलेश के सामने बसपा से ठाकुर राजेश सिंह थे। अखिलेश ने बसपा प्रत्याशी को 3,07,373 वोटों के विशाल अंतर से हरा दिया। पांच वर्षो के बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में भी सपा की ओर से उतरे अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट पर जीत हासिल की लेकिन उनकी जीत का अंतर घट गया। उन्होंने बसपा उम्मीदवार डॉ. महेश चंद्र वर्मा को 1,15,864 वोट से हराया। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले सुब्रत पाठक 2009 में तीसरे स्थान पर रहे। 2012 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी और मुलायम सिंह यादव के उत्तराधिकारी के तौर पर अखिलेश यादव मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हुए। बाद में उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर विधान परिषद का चुनाव लड़ा और चुनाव जीत गये। फिर कन्नौज सीट पर उप–चुनाव की जरूरत पड़ गई। इसके बाद कन्नौज सीट पर उप–चुनाव हुआ जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे दो उम्मीदवारों ने उप–चुनाव के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया था। कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवारों को मैदान में नहीं उतारा था जबकि भाजपा उम्मीदवार अंतिम समय में अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कर पाए थे। इस तरह से शीला दीक्षित के बाद डिंपल यादव कन्नौज सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दूसरी महिला बन गईं। 2014 के लोकसभा चुनाव में देश के ज्यादातर हिस्सों में भाजपा को जीत मिलती है। हालांकि, कन्नौज में पार्टी सपा के सामने हार जाती है। इस चुनाव में डिंपल यादव ने भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक को रोचक मुकाबले में 19,907 वोटों से हरा दिया। डिंपल को 4,89,164 वोट मिले। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी को 4,69,257 वोट मिले, लेकिन पांच साल के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने देशभर की 303 सीटों पर जीत हासिल की। इनमें कन्नौज की अहम जीत भी शामिल रही। आखिरकार सुब्रत पाठक कन्नौज का किला भेदने में कामयाब हो गए। पाठक ने इस चुनाव में डिंपल यादव को 12,353 वोटों से हराया। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 5,63,087 वोट मिले।

# भारत में चुनावों में हस्तक्षेप संबंधी रूस के आरोपों को खारिज किया

वाशिंगटन।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कतई नहीं। हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी।'' दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को बृहस्पतिवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कतई नहीं। हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी।''

दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था।अमेरिका के समाचार पत्र 'वॉशिंगटन पोस्ट' में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा,'' अमेरिका नयी दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है... हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है



कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता।'' रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। 'आरटी न्यूज' ने जखारोवा के हवाले से कहा, ''वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है।'' अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा,'' जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

# भारत ने 10 मई की समय सीमा से पहले अपने सभी सैनिकों को बुलाए वापस, मालदीव ने खुद दी जानकारी

पिछले साल अपने राष्ट्रपति अभियान के दौरान द्वीप राष्ट्र में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों की स्वदेश वापसी मुइज्जू के प्रमुख निर्णयों में से एक था। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने सन.एमवी न्यूज पोर्टल को बताया कि देश में तैनात भारतीय सैनिकों का आखिरी जत्था रवाना हो गया है। हालाँकि, उन्होंने यह सटीक संख्या नहीं बताई कि कितने भारतीय सैनिकों को वापस लाया गया है। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा निर्धारित 10 मई की समय सीमा से पहले मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। व्यापक रूप से चीन समर्थक नेता के रूप में देखे जाने वाले मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा तय की थी। पिछले साल अपने राष्ट्रपति अभियान के दौरान द्वीप राष्ट्र में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों की स्वदेश वापसी मुइज्जू के प्रमुख निर्णयों में से एक था। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने सन. एमवी न्यूज पोर्टल को बताया कि देश में तैनात भारतीय सैनिकों का आखिरी जत्था रवाना हो गया है। हालाँकि, उन्होंने यह सटीक संख्या नहीं बताई कि कितने भारतीय सैनिकों को वापस लाया गया है।इससे पहले खबर आई थी कि भारत ने अब तक मालदीव से अपने 51 सैनिकों को वापस बुला लिया है। द्वीप राष्ट्र की सरकार ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों की पूर्ण वापसी के लिए निर्धारित 10 मई की समय सीमा से पहले कहा है। मालदीव सरकार ने पहले घोषणा की थी कि भारतीय सैनिकों के दो बैच देश छोड़ चुके हैं। हालाँकि, सटीक आंकड़े का



खुलासा पहले नहीं किया गया था। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने इस मुद्दे से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि अब तक कुल 51 भारतीय सैनिकों को वापस लाया जा चुका है। भारत ने मालदीव में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन करने वाले अपने कुछ सैन्य कर्मियों को पहले ही वापस ले लिया है। सैन्य कर्मियों का स्थान भारतीय नागरिक तकनीकी विशेषज्ञों ने ले लिया। भारत और मालदीव 10 मई से पहले शेष भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने पर भी सहमत हुए हैं। दोनों पक्षों ने 3 मई को नई दिल्ली में द्विपक्षीय उच्च स्तरीय कोर समूह की चौथी बैठक की। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कोर ग्रुप के बाद शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारत सरकार 10 मई तक तीन विमानन प्लेटफार्मों में से अंतिम पर सैन्य कर्मियों को बदल देगी और सभी लॉजिस्टिक व्यवस्थाएं तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही हैं।

# तीन भारतीय नौसैन्य पोतों ने छह से नौ मई तक सिंगापुर की यात्रा की

आईएनएस किल्टान ने छह से नौ मई तक सिंगापुर की यात्रा की जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों, पारस्परिक हित एवं सहयोग



तथा समुद्री सुरक्षा एवं स्थिरता को मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था।दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की अभियानगत तैनाती के तहत इसके तीन पोतों ने छह से नौ मई तक सिंगापुर की यात्रा की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह तैनाती क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच हुई। भारतीय नौसेना द्वारा यहां जारी बयान के अनुसार, आईएनएस दिल्ली, आईएनएस शक्ति और आईएनएस किल्टान ने छह से नौ मई तक सिंगापुर की यात्रा की जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों, पारस्परिक हित एवं सहयोग तथा समुद्री सुरक्षा एवं स्थिरता को मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था। इसमें कहा गया कि यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की अभियानगत तैनाती का हिस्सा थी।

# रफत में सैन्य कार्रवाई के लिए जरूरी हथियार हमारे पास हैं

अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आनेकी आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि गाजा के दक्षिणी शहर रफह में सैन्य कार्रवाई करने के लिए जरूरी हथियार उसके पास हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हैगरी ने यह टिप्पणी संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर की कि क्या सेना अमेरिकी हथियारों के बिना भी अभियान चला सकती है। डेनियल ने कहा,''सेना के पास उन अभियानों के लिए हथियार हैं जिनकी वह योजना बना रही है और रफह में अभियान के



लिए भी हमारे पास वह है जो हमें चाहिए।'' डेनियल की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, वहां हमले की चपेट में नागरिकों के आनेकी आशंका के मद्देनजर हमास के आखिरी गढ़ रफह में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को हथियारों की आपूर्ति नहीं करेगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के साथ इजराइल के घनिष्ठ संबंध है और असहमति को बंद दरवाजों के पीछे सुलझाया जाना चाहिए।

# सूखा प्रभावित जिम्बाब्वे के लिए देशों से की 43 करोड़ डालर की सहायता की अपील

संयुक्त राष्ट्र ने जिम्बाब्वे के लिए 43 करोड़ डॉलर की सहायता की अपील की है। मानवीय मामलों के समन्वय से संबंधित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि देश की एक करोड़ 50 लाख की आबादी में से 76 लाख लोगों को आजीविका चलाने और जीवन रक्षा के लिए मानवीय सहायता की आवश्यकता है। हरारे। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय मामलों से जुड़ी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिम्बाब्वे में चार दशक में सबसे भीषण सूखा पड़ा है और देश की लगभग आधी आबादी को पेयजल और खाद्य पदार्थों की तत्काल आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने जिम्बाब्वे के लिए 43 करोड़ डॉलर की सहायता की अपील की है। मानवीय मामलों के समन्वय से संबंधित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि देश की एक करोड़ 50 लाख की आबादी में से 76 लाख लोगों को आजीविका चलाने और जीवन रक्षा के लिए मानवीय सहायता की आवश्यकता है। एजेंसी के अधिकारी एडवर्ड मैथ्यू कैलन ने कहा कि हम सबसे गंभीर रूप से प्रभावित जिलों के 31 लाख लोगों की तत्काल मदद की अपील कर रहे हैं। अल नीनो के कारण दक्षिणी अफ्रीका के अधिकांश हिस्सों में सूखा



पड़ा है, जिस कारण मानव और पशुओं के समक्ष खाद्य पदार्थों तथा पानी की घोर कमी है। जिम्बाब्वे कृषि पर निर्भर देश है और एक समय में ये खाद्य पदार्थों का निर्यातक था लेकिन वर्तमान में सूखा पड़ने से सबसे ज्यादा प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र ने जिम्बाब्वे को खाद्य सहायता से लेकर नकद हस्तांतरण और सौर ऊर्जा से संचालित बोरहोल का निर्माण करने में मदद करने की अपील की है, जिससे लोगों और मवेशियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा।

# निज्जर हत्याकांड में 3 भारतीयों को हिरासत में लिए जाने पर आया विदेश मंत्रालय का बयान, कनाडा से औपचारिक राजनयिक संवाद नहीं हुआ

प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि कनाडाई अधिकारियों द्वारा आज तक कोई विशिष्ट या प्रासंगिक सबूत या जानकारी साझा नहीं की गई है। इसलिए आप हमारे विचार को समझेंगे कि मामले का पहले से ही आकलन किया जा रहा है। जाहिर है, इसमें राजनीतिक हित काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पर भी चिंता जताई और आरोप लगाया कि कनाडा अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वालों को राजनीतिक जगह दे रहा है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें भारत में नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से कथित तौर पर जुड़े तीन भारतीयों की गिरफ्तारी के बारे में पता था, लेकिन कनाडा से इस बारे में




कोई औपचारिक संचार नहीं हुआ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि कनाडाई अधिकारियों द्वारा आज तक कोई विशिष्ट या प्रासंगिक सबूत या जानकारी साझा नहीं की गई है। इसलिए आप हमारे विचार को समझेंगे कि मामले का पहले से ही आकलन किया जा रहा है। जाहिर है, इसमें राजनीतिक हित काम कर रहे हैं। उन्होंने इस पर भी चिंता जताई और आरोप लगाया कि कनाडा अलगाववादियों, चरमपंथियों और हिंसा की वकालत करने वालों को राजनीतिक जगह दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों को दण्ड से मुक्ति की धमकी दी गई और उन्हें उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोका गया। हमने कनाडाई अधिकारियों को यह भी बताया है कि भारत से जुड़े संगठित अपराध से जुड़े लोगों को कनाडा में प्रवेश और निवास की अनुमति दी गई है। हमारे कई प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम इन सभी मामलों पर राजनयिक स्तर पर चर्चा कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने आरोप लगाया है कि कनाडा में चरमपंथियों को राजनीतिक जगह दी जा रही है। पिछले हफ्ते, भारत ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो की ताजा टिप्पणियों को खारिज कर दिया और कहा कि ये टिप्पणियां एक बार फिर कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दी गई राजनीतिक जगह को दर्शाती हैं।

# कोई हमें नहीं धमका सकता, विक्ट्री परेड मे खड़े होकर पुतिन ने दिखाई अपनी सैन्य ताकत



पुतिन ने साफ किया कि हम किसी को भी हमें धमकी देने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी रणनीतिक ताकतें हमेशा युद्ध की तैयारी की स्थिति में हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि जो यूक्रेन युद्ध को पश्चिम के साथ संघर्ष का हिस्सा मानते हैं, जिसे उन्होंने उनका कहना है कि 1989 में बर्लिन की दीवार गिरने के बाद उन्होंने उस क्षेत्र पर अतिक्रमण करके रूस को अपमानित किया जिसे वह मॉस्को का प्रभाव क्षेत्र मानते हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम पर वैश्विक संघर्ष को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि रूस वैश्विक संघर्ष को रोकने की कोशिश करेगा लेकिन खुद को खतरा नहीं होने देगा। द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर रेड स्क्वायर पर रूसी सैनिकों को संबोधित करते हुए पुतिन ने पश्चिमी अभिजात वर्ग पर नाजी जर्मनी को हराने में सोवियत संघ द्वारा निभाई गई निर्णायक भूमिका को भूलने और दुनिया भर में संघर्षों को भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि ऐसी महत्वाकांक्षाओं के अतिरेक का क्या परिणाम होता है। रूस वैश्विक टकराव को रोकने के लिए सब कुछ करेगा। पुतिन ने साफ किया कि हम किसी को भी हमें धमकी देने की अनुमति नहीं देंगे। हमारी रणनीतिक ताकतें हमेशा युद्ध की तैयारी की स्थिति में हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि जो यूक्रेन युद्ध को पश्चिम के साथ संघर्ष का हिस्सा मानते हैं, जिसे उन्होंने उनका कहना है कि 1989 में बर्लिन की दीवार गिरने के बाद उन्होंने उस क्षेत्र पर अतिक्रमण करके रूस को अपमानित किया जिसे वह मॉस्को का प्रभाव क्षेत्र मानते हैं। यूक्रेन और पश्चिम का कहना है कि पुतिन शाही शैली में भूमि हड़पने में लगे हुए हैं। उन्होंने रूस को हराने की कसम खाई है, जो वर्तमान में क्रीमिया सहित यूक्रेन के लगभग 18 प्रतिशत और पूर्वी यूक्रेन के चार क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को नियंत्रित करता है। यूक्रेन संघर्ष के कारण रूस और पश्चिम के बीच तनाव अपने निम्नतम स्तर पर गिर गया है, पुतिन ने संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ अपनी बयानबाजी बढ़ा दी है, यहां तक घ्कि अगर नाटो सैनिकों ने रूस के

खिलाफ लड़ने के लिए यूक्रेन में प्रवेश किया तो तीसरे विश्व युद्धष की चेतावनी भी दी है। ताकतों। इससे पहले, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया था कि रूस परमाणु युद्ध के लिए तैयार है, लेकिन यह भी कहा कि मॉस्को वैश्विक टकराव के लिए इच्छुक नहीं है।

# हथियार न सप्लाई करने की धमकी, पलटवार में Benjamin Netanyahu ने कहा- बहुत निराशाजनक बयान

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह इजराइल को ऐसे हथियारों की आपूर्ति नहीं करेंगे जिनका इस्तेमाल वह रफह पर हमले के लिए कर सकता है। रफह को गाजा में हमास का अंतिम मुख्य गढ़ माना जा रहा है और वहां 10 लाख से ज्यादा आम नागरिकों ने शरण ली हुई है।इजरायल के दो शीर्ष अधिकारियों ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की इस बात के लिए आलोचना की कि अगर उन्होंने गाजा के भीड़भाड़ वाले शहर राफा पर हमला किया तो इजरायल को कुछ हथियारों की आपूर्ति रोक दी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने बाइडेन की चेतावनी पर इजराइल की पहली प्रतिक्रिया में सार्वजनिक रेडियो पर कहा, "यह उस राष्ट्रपति से सुनना एक कठिन और बहुत निराशाजनक बयान है जिसके हम युद्ध की शुरुआत से ही आभारी रहे हैं।" इजराइल ने रफा के पूर्वी इलाकों में टैंक भेजकर और प्लक्षित छापेष चलाकर अंतरराष्ट्रीय आपत्तियों को खारिज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राफा हमास की आखिरी बची हुई बटालियनों का घर है, लेकिन मिस्र की सीमा पर स्थित शहर भी विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों से भरा हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह इजराइल को ऐसे हथियारों की आपूर्ति नहीं करेंगे जिनका इस्तेमाल वह रफह पर हमले के लिए कर सकता है। रफह को गाजा में हमास का अंतिम मुख्य गढ़ माना जा रहा है और वहां 10

# ब्रिटेन के सुरक्षा सलाहकार से मिलेअजीत डोभाल, किया सिख कट्टरपंथ संबंधी चिंताओं का जिक्र

दोनों एनएसए साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को पहचानते हुए, इस पहल के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए ठोस विचार–विमर्श में लगे हुए हैं। दोनों एनएसए ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया और क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टिम बैरो ने गुरुवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ चर्चा की। चर्चा का केंद्रबिंदु प्रौद्योगिकी और सुरक्षा पहल के इर्द–गिर्द घूमता रहा, जो एक प्रमुख द्विपक्षीय तंत्र है जिसका उद्देश्य भारत और यूके के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाना है। दोनों एनएसए साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को पहचानते



हुए, इस पहल के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए ठोस विचार–विमर्श में लगे हुए हैं। दोनों एनएसए ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया और क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने ब्रिटेन में बढ़ते सिख कट्टरपंथ पर चिंता व्यक्त की और ब्रिटेन सरकार को खालिस्तानी तत्वों पर लगाम लगाने की जरूरत बताई। खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा लंदन में हिंसक विरोध प्रदर्शन के हालिया प्रकरणों के मद्देनजर यह मुद्दा उठाया गया था, जिसमें मार्च 2023 में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन भी शामिल था जिनकी बाद में जून 2023 में यूके के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।

# बदले की आग में जलते मनोज बाजपेयी की फिल्म भैय्या जी का दमदार टीजर हुआ रिलीज, फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

मनोज बाजपेयी फिल्म इंडस्ट्री के टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने अपने करियर में एक से बढकर एक फिल्में और वेब सीरीज की हैं. अब उनकी नई फिल्म भईया जी का टीजर रिलीज किया गया है जिसमें वो बदले की आग में जलते नजर आ रहे हैं. मनोज बाजपेयी का फिल्म में काफी खूंखार किरदार दिखाया जाएगा जिसे आप इस टीजर में देख सकते हैं.

पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है.पहले भी मनोज बाजपेयी ने सस्पेंस और एक्शन सीन वाली फिल्में की हैं लेकिन इस बार उनके अभिनय में कुछ अलग देखने को मिलेगा. फिल्म का टीजर काफी पसंद किया जा रहा है और मेकर्स ने टीजर के साथ फिल्म की रीिज डेट भी बताई है.फिल्म के टीजर में दिखाया है कि एक सीधा–सादा इंसान अपने भाई की पढ़ाने के लिए सबकुछ करता है. लेकिन जब उसका भाई किसी साजिश का शिकार होकर मार दिया जाता है तब बदले की आग जल उठती है. टीजर देखकर फिल्म की कहानी तो कुछ ऐसी ही नजर आ रही, बाकी 24 मई को क्लियर होगा कि फिल्म की कहानी आखिर किस आधार पर होगी.मनोज बाजपेयी का ऐसा खूंखार रूप आपने शायद ही किसी फिल्म में देखा हो. फिल्म भईया जी का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है. वहीं फिल्म में मनोज बाजपेयी ही लीड एक्टर के तौर पर नजर आए हैं. बता दें, मनोज बाजपेयी ने फिल्म द्रोह काल (1994) से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी. इंडस्ट्री में उन्हें लगभग 20 साल हो चुके हैं और फिल्म भईया जी उनकी 100वीं फिल्म है.

# विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर नई फिल्म का ऐलान, सामने आया खौफनाक फर्स्ट लुक पोस्टर



विजय देवरकोंडा देश के सबसे पॉपुलर एक्टर में से एक हैं. साउथ इंडस्ट्री में तो एक्टर बेहद फेमस हैं ही वहीं बॉलीवुड में भी वे डेब्यू कर चुके हैं. फिलहाल 35वां बर्थडे के मौके पर एक्टर के फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए निर्माता दिल राजू ने विजय की अपकमिंग पैन–इंडियन प्रोजेक्ट की भी अनाउंसमेंट कर दी है.बता दें कि विजय देवरकोंडा के बर्थडे पर मेकर्स ने एक दिलचस्प पोस्टर शेयर कर उनके पैन–इंडियन प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की है. विजय की इस अपकमिंग फिल्म का टेंपरेरी नाम एसवीसी 59 है. देवरकोंडा के नए प्रोजेक्ट के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक आर्टवर्क पोस्टर शेयर किया है और कैप्शन के साथ लिखा, खून में, वह उठेगा, राज करेगा और हर तरफ सामूहिक लहरों को प्रज्वलित करेगा! एसवीसी 59, देवरकोंडा का मास अवतार.पोस्टर में, विजय के किरदार को फायरी बैकग्राउंड के साथ हाथ में खंजर पकड़े देखा जा सकता है. इस पोस्टर को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में लॉन्च किया गया है. इस प्रोजेक्ट की बाकी की कास्ट और क्रू के बारे में सारी जानकारी जल्द ही शेयर की जाएगी.वहीं पोस्टर के ऑनलाइन होने के तुरंत बाद, फैंस ने कमेंट सेक्शन में जाकर विजय के नए प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर की. एक फैन ने लिखा, अनएक्सपेक्टेड एक अन्य ने लिखा, डबल ब्लॉकबस्टर फिल्म विजय अन्ना. बता दें कि विजय देवरकोंडा की इस अपकमिंग एक्शन थ्रिलर का निर्देशन 2019 की ब्लॉकबस्टर राजा वरू रानी गारू फेम निर्देशक रवि किरण कोला ने किया है. विजय देवरकोंडा को आखिरी बार परसुराम पेटला के फैमिली ड्रामा 'फैमिली स्टार' में देखा गया था. फिल्म में विजय के साथ मृणाल ठाकुर ने लीड रोल प्ले किया था.

# खतरों के खिलाड़ी में भाग लेती नजर आएंगी कृष्णा श्राफ, खुद किया खुलासा



रोहित शेट्टी का स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी इस वक्त चर्चा में बना हुआ है। खतरों के खिलाड़ी एक्शन और रोमांच से भरपूर होता है। इस शो के लिए नए–नए प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ अब फिल्मों और ओटीटी की बजाय सीधा टीवी से डेब्यू करने जा रही है। खबर है कि कृष्णा श्रॉफ खतरों के खिलाड़ी 14 में खतरों से खेलती हुई दिखाई देंगी। हमेशा की तरह इस बार भी यह शो रोमांच का पूरा वादा करता है और दर्शकों को सीट से बांधे रखेगा। कृष्णा श्रॉफ की बात करें तो भाई टाइगर श्रॉफ की तरह वह भी फिटनेस की दीवानी हैं। कृष्णा श्रॉफ ने हाल ही में इस शो में आने की पुष्टि की है। कृष्णा ने एक बयान में कहा है, 'वह रोहित शेट्टी के स्टंट–आधारित रियलिटी शो में हिस्सा लेंगी। टाइगर श्रॉफ की बहन ने उल्लेख किया कि उन्हें हमेशा खुद को चुनौती देना पसंद है और खतरों के खिलाड़ी 14 से बेहतर अवसर क्या हो सकता है, जहां मैं अपनी मानसिक और शारीरिक ताकत बढ़ा पाऊंगी'। कृष्णा की प्रोफाइल पर एक नजर डालें तो वह भी अपने भाई की तरह फिटनेस फ्रीक हैं, ऐसे में वह निश्चित रूप से खतरों के खिलाड़ी 14 के लिए एक परफेक्ट ऑप्शन हैं। कृष्णा इस शो में सभी के लिए एक कठिन प्रतियोगी साबित हो सकती हैं। इस बार शो में सभी फीमेल कंटेस्टेंट की नजर कृष्णा पर जरूर होगी। कृष्णा के साथ–साथ इस शो में आसिम रियाज की भी एंट्री होने वाली है। यह भी कहा जा रहा है कि आसिम ने इस शो के लिए पूरी तरह से तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो रोहित शेट्टी के टीवी शो खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग रोमानिया में होगी। इससे पहले शूट लोकेशन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, जबकि कुछ रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि शूटिंग या तो बुल्गारिया या केप टाउन में होगी। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि टीम थाईलैंड या जॉर्जिया में अपने शो की शूटिंग के लिए अधिक उत्सुक है। नए अपडेट के अनुसार अब शो की शूटिंग रोमानिया में होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में सुमोना चक्रवर्ती, धनश्री वर्मा, शोएब इब्राहिम, अभिषेक मल्हान, श्रीराम चंद्रा, मनीषा रानी, जिया शंकर और अन्य कई लोग शामिल हो सकते हैं।

# तमन्ना भाटिया का बाक्स आफिस पर तहलका, 30 करोड़ के करीब पहुंची अरनमनई 4



तमिल फिल्म अरनमनई 4 दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. 3 मई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली ये फिल्म फैंस का दिल जीतने में कामयाब रही है. अरनमनई 4 को रिलीज हुए अभी 6 दिन ही हुए हैं और फिल्म कलेक्शन के मामले में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ के करीब पहुंच गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो अरनमनई 4 ने पहले दिन 4.65 करोड़ रुपए की दमदार ओपनिंग की थी. दूसरे दिन तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म की कमाई बढ़ी और इसने 6.65 करोड़ रुपए का कारोबार किया और तीसरे दिन 7.85 करोड़ रुपए छापे. चौथे दिन अरनमनई 4 ने 3.65 करोड़ रुपए कमाए और पांचवें दिन 3.4 करोड़ रुपए का बिजनेस किया.अरनमनई 4 ने छठे दिन भी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 3 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है और इसी के साथ फिल्म का कुल कलेक्शन 29.20 करोड़ रुपए हो गया है. अपने 6 दिनों के कारोबार के साथ अरनमनई 4 अब अपना बजट निकालने के बहुत करीब पहुंच गई है. बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तमन्ना भाटिया की फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपए बताया जा रहा है.अरनमनई 4 में तमन्ना भाटिया के साथ राशी खन्ना भी लीड रोल में हैं. तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे तमन्ना भाटिया स्टारर इस फिल्म में राशि खन्ना भी अहम रोल में हैं. तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस के पास तेलुगु फिल्म ओडेला 2 है जिसमें वे शिवशक्ति के रोल में नजर आएंगी. तमन्ना निखिल आडवाणी की डायरेक्टोरियल फिल्म वेदा में भी दिखाई देंगी. इसके अलावा तमन्ना भाटिया के पास दो वेब सीरीज भी पाइपलाइन में है. वे डेयरिंग पार्टनर्स और नीरज पांडे की एक अनटाइटल्ड ओटीटी फिल्म में दिखाई देंगी.

# सलमान खान की सिकंदर में हुई रश्मिका मंदाना की एंट्री, श्रीवल्ली ने फोटो शेयर कर किया कंफर्म

सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर के लिए साउथ सिनेमा की सुपरहिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को चुना गया है. रश्मिका ने सोशल मीडिया पर सलमान खान समेत फिल्म मेकर के साख एक फोटो शेयर कर इसकी पुष्टि की है. एआर मुर्गदोस की निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. श्रीवल्ली सलमान खान की अगली सिकंदर के कलाकारों में शामिल हो गई हैं. नाडियाडवाला पोते और वर्दा खान एस नाडियाडवाला ने रश्मिका मंदाना को अपने टीम में शामिल करते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है और



उसे एक्ट्रेस को टैग किया है. इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, सिकंदर में सलमान खान के साथ अभिनय करने के लिए शानदार रश्मिका मंदाना का स्वागत. ईद 2025 पर उनके ऑन–स्क्रीन जादू के दिखाने का इंतजार नहीं कर सकते.मेकर्स की ओर साझा किए गए पोस्ट को रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर लिया है और कैप्शन में लिखा है, आप लोग काफी समय से मुझसे अगला अपडेट पूछ रहे हैं और यह यहां है.. सरप्राइज. मैं सिकंदर का हिस्सा बनकर वास्तव में आभारी और सम्मानित महसूस कर रही हूं. यह 2025 में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.सलमान खान ने इस साल ईद पर अपने अगले प्रोजेक्ट सिकंदर का एलान किया था. फिल्म की शूटिंग शूरू हो गई है. सेट से सलमान खान की एक तस्वीर भी सामने आई है. फोटो में सुपरस्टार को सेट पर एक लडकी के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है.

# श्वेता तिवारी ने सेक्सी क्राप टाप पहन समंदर किनारे दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हाटनेस ने बढ़ाया पारा



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं. 43 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस लुक्स से कायल करती हैं. श्वेता का स्टाइलिश अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने हॉलिडे से फोटोज शेयर की थी, जो कि सोशल मीडिया पर वायरल रहती हैं. श्वेता तिवारी अपने बोल्ड अंदाज से सरप्राइज करने का मौका नहीं छोड़ती हैं. एक बार तो एक्ट्रेस को नेशनल टीवी पर बिकिनी में नहाते हुए भी देखा गया था.

श्वेता को 2009 में रियलिटी शो इस जंगल से मुझे बचाओ में देखा गया था. इस शो में स्टार्स को जंगल में रहना था. उस वक्त एक्ट्रेस को बिकिनी पहने नहाते हुए देखा गया था. उन्हें पर्पल कलर की बिकिनी में देखा गया था. हालांकि, श्वेता को अपने इस एक्ट की वजह से काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी थी. श्वेता विवादों में पड़ गई थीं.

बता दें कि हाल ही में श्वेता ने अपने हॉलिडे से कई फोटोज शेयर किए थे. फोटोज में वो समंदर किनारे खड़े होकर पोज देती नजर आईं. उन्होंने व्हाइट ब्रालेट और ब्लैक शॉर्ट्स पहना हुआ था. ब्लैक शेड्स और ओपन हेयर में श्वेता काफी ग्लैमरस लग रही थीं. उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आया था.

श्वेता इन दिनों अपनी फिटनेस पर फोकस कर रही हैं. उन्होंने काफी वजन भी कम किया है. श्वेता ने बताया था कि फिटनेस को लेकर उनकी बेटी पलक ने उन्हें इंस्पायर किया था.वर्क फ्रंट पर श्वेता तिवारी को शो कसौटी जिंदगी से नेम–फेम मिला था. इस शो ने उन्हें रातोरात स्टार बना दिया था. श्वेता को रियलिटी शो बिग बॉस और इस जंगल से बचाओ, खतरों के खिलाड़ी जैसे शोज में भी देखा गया. वो बिग बॉस की विनर भी बनी थीं. वो बालवीर, मेरे डैड की दुल्हन, मैं हूं अपराजिता, परवरिश, नागिन जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं. उनकी बेटी पलक तिवारी भी ग्लैमर वर्ल्ड में एंट्री ले चुकी है. वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी जान में नजर आई थीं.

# वेब सीरीज हीरामंडी का नया गाना साइयां हटो जाओ जारी, मुजरा करती दिखीं अदिति राव हैदरी



टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इस वक्त दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की शानदार सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार धमाका कर रही है. हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज बन गई है. हीरामंडी संजय लीला भंसाली की डेब्यू सीरीज है. सीरीज दर्शकों को खूब भा रही है. फिल्म देश ही नहीं बल्कि विदेशी दर्शकों को भी अपनी ओर खींच रही है. इस बीच फिल्म का एक और गाना सैयां हटो जाओ रिलीज हो गया है.

सैयां हटो जाओ को संजय लीला भंसाली ने खुद कंपोज किया है. इस गाने के बोल और मुखड़ा संजय लीला भंसाली, अंत्रा और एएम तुराज ने लिखे हैं. सैयां हटो जाओ को बर्नाली चटोपाध्याय ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है. फिल्म में यह गाना खासतौर पर वली मोहम्मद के किरदार में दिख रहे एक्टर फरदीन खान और अदिति राव हैदरी के ऊपर फिल्माया गया है. गाने में अदिति राव अपने किरदार में वली मोहम्मद के सामने मुजरा करती दिख रही हैं.

बता दें, फरदीन खान ने 14 साल बाद पर्दे पर वापसी की है. वहीं, संजय लीला भंसाली की लीड स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें शेखर सुमन, अध्ययन सुमन, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, शर्मीन सहगल, ताला शाह, सोनाक्षी सिन्हा और संजीदा शेख अहम रोल में हैं.

# बाक्स आफिस पर आखिरी दिन गिन रही बड़े मियां छोटे मियां, मैदान का जादू भी बेअसर

अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारों से सजी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की कमाई रिलीज के चौथे सप्ताह में भी जारी है।बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन की फिल्म मैदान से हो रहा है।यह दोनों फिल्में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।आइए जानते हैं 28वें दिन मैदान और बीएमसीएम के खाते में कितने लाख रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 28वें दिन यानी चौथे बुधवार को 25 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 64.50 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है।मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा और अलाया एफ जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे सकती है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 28वें दिन यानी चौथे बुधवार को मैदान ने 50 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 49.85 करोड़ रुपये हो गया है।ऐसे में अब फिल्म को जल्द सिनेमाघरों से हटाया जा सकता है।मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।



# अक्षय कुमार अगस्त 2024 में आस्ट्रेलिया में एंटरटेनर्स टूर की करेंगे अध्यक्षता, नोरा फतेही और दिशा पटानी होंगी शामिल!

अक्षय कुमार फिलहाल जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग कर रहे हैं। वह सरफिरा, हाउसफुल 5 और वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगे। अक्षय कुमार एक बार फिर बहुप्रतीक्षित द एंटरटेनर्स टूर की सुर्खियां बनेंगे। यह कार्यक्रम इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अक्षय के अलावा नोरा फतेही, दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर, एलनाज नोरौजी, सोनम बाजवा और स्टेबिन बेन जैसी हस्तियां भी साथ होंगी। पिछला सीजन 2023 में उत्तरी अमेरिका में हुआ था और शानदार रूप से सफल रहा था। इस साल, द एंटरटेनर्स टूर अगस्त में वापस आएगा। एक बार फिर अक्षय कुमार इसकी कमान संभालेंगे। एक बार फिर, ये हस्तियां लाइव दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करेंगी और वैश्विक क्षेत्र पर अपनी छाप छोड़ेंगी। वर्ल्ड टूर का दूसरा सीजन मेलबर्न और सिडनी में होगा। इसके अलावा, काम के मोर्चे पर, अक्षय कुमार ने आखिरकार जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर एक प्रशंसक द्वारा साझा किए गए एक स्पष्ट वीडियो में, बॉलीवुड स्टार को शूटिंग के बीच अजमेर में रेलवे खिलाड़ियों के साथ वॉलीबॉल खेल का आनंद लेते देखा गया। इसी का एक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। पहली जॉली एलएलबी फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी। इसका सीक्वल 2017 में सिनेमाघरों में आया था। पहली फिल्म में अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला मुख्य भूमिका में थे।

# घर– घर मतदाता पर्ची के साथ दी जाएगी वोटर गाइड

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची के साथ हर घर पर एक वोटर गाइड भी दी जाएगी। इसे बीएलओ हर घर तक पहुंचाएंगे। इस वोटर गाइड में बताया गया है कि वोट कैसे डालें। इस बार जिला प्रशासन को यह वोटर गाइड सीधे निर्वाचन आयोग से मिली है। अभी तक इस गाइड को स्थानीय स्तर पर छपवाया जाता था। इस गाइड के साथ ही मतदाता पर्ची भी घरों तक पहुंचाई जाएगी । शुक्रवार को सिराथू तहसील सभागार से बी एल ओ को मतदाता पर्ची के साथ वोटर गाइड उपलब्ध कराया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक परिवार के लिए मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) तैयार की गई है। मतदाता मार्गदर्शिका मतदान से पहले प्रत्येक परिवारों को घर–घर जाकर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से वितरित की जा रही है। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) की दृष्टि से मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन प्रक्रिया से भलीभांति अवगत कराने के लिए किया जा रहा है। मतदाता मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) में श्मतदान कैसे करेंश् व मतदान के लिए श्अनुमोदित पहचान अभिलेखश् क्या होंगे, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही वोटर गाइड में ईवीएम और वीवी पैट का उपयोग करते हुए वोट देने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी तथा मतदान केंद्र के आसपास व मतदान के दौरान श्क्या करेंश् और श्क्या न करेंश् के संबंध में मतदाताओं को जानकारी मिलेगी। एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वोटर गाइड सीधे आयोग से छपकर आ रही है। उन्होंने बताया कि अब इसे प्रति परिवार मतदाता पर्ची के साथ तहसील से वितरित कराया जा रहा है । जिससे लोगों को इसकी मदद मिल सके। इस बार बी एल ओ हर घर में मतदाता पर्ची के साथ वोटर गाइड वितरित करेंगे । मतदाता पर्ची का साइज भी पहले की तुलना में बड़ा होगा। मतदाता पर्ची के पीछे पोलिंग बूथ के नजरी नक्शा के अलावा, बूथ नंबर, चुनाव की तिथि एवं समय, हेल्पलाइन नंबर, बीएलओ का नाम एवं मोबाइल नंबर सहित मतदाता के मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण सूचनाएं मुद्रित की जा सकेंगी। यह मतदाता पर्ची मतदान तिथि से 15 मई तक बीएलओ वोटर गाइड के साथ घर–घर पहुंचाएंगे।

# युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बना रही है सरकार

## टाटा आईटीआई के माध्यम से एडवांस स्किल ट्रेनिंग की हो रही है शुरुआत

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में युवाओं का इंडस्ट्री के हिसाब से स्किल्ड करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और बाजार की मांग के अनुकूल युवाओं के कौशल को निखारने के लिए पिछले वर्ष जो मंच प्रदान किया था उसे इसी शैक्षणिक सत्र में जुलाई से धरातल में उतारा जा रहा है। इंडस्ट्री 4.0 के हिसाब से टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ प्रदेश के जिन 150 आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए करार हुआ था उसमें प्रयागराज में भी दो टाटा आईटीआई भवन का निर्माण हो चुका है जिसमे इसी शैक्षिक सत्र से प्रशिक्षण शुरू हो रहा है।

प्रदेश के युवाओं को इंडस्ट्री और बाजार की डिमांड के अनुसार अपना कौशल निखारने के लिए अब कहीं और नहीं भटकना पड़े इसके लिए सरकार अलग मंच दे रही है। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से टाटा टेक्नोलॉजी के साथ पांच हजार करोड़ से ज्यादा का एमओयू साइन करने के बाद अब जुलाई से यह प्रयास जमीनी धरातल पर उतर रहा है। प्रयागराज में इसी के अंतर्गत दो टाटा आई टी आई भवन का निर्माण हुआ है जिसमे जुलाई से प्रथम शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। राजकीय काष्ठ कला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के प्राचार्य हिमांशु द्विवेदी बताते हैं कि प्रयागराज में नैनी और कटरा में इनका निर्माण हुआ है। जिले की सरकारी आईटीआई परिसर में ही ये बनाए गए हैं। प्रत्येक टाटा आईटीआई में पढ़ाने के लिए टाटा की ओर से दो–दो प्रशिक्षक भी इसमें उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा आईटीआई के चार–चार शिक्षकों को भी इन नए कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक के निर्माण में चार करोड़ की लागत आई है। जुलाई से इसका शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है।प्रदेश के सभी जिलों में राजकीय आईटीआई हैं जहां से हर साल हजारों की संख्या में युवा प्रशिक्षित होकर आ रहे हैं। लेकिन इनमें रोजगार पाने वालों का प्रतिशत कम है। इसकी वजह बदलती टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखकर इंडस्ट्री के अनुकूल इनका प्रशिक्षण नहीं हुआ था लेकिन अब टाटा आईटीआई इस कमी को पूरा कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने पहली बार आईटीआई को अपग्रेड करने का कार्य शुरू किया है। राजकीय काष्ठ कला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज प्राचार्य हिमांशु द्विवेदी के मुताबिक आईटीआई में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आगामी सत्र से इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई ओ टी) दो वर्षीय , मैन्युफैक्चरिंग प्रॉसेस कंट्रोल एण्ड ऑटोमेशन एक वर्षीय तथा बेसिक डिजाइन एण्ड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एक वर्षीय कोर्स संचालित किए जाने है। इन कोर्सेस के संचालन हेतु टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा संस्थान को ट्रेनर्स भी उपलब्ध कराए गए है। अब इस शुरुआत से आईटीआई की प्रयोगशालाएं, इक्विपमेंट अपग्रेड होंगे और टाटा टेक्नोलॉजीज के अच्छे ट्रेनर भी आईटीआई को मिलेंगे। इन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उन्नत मशीनरी और इक्विपमेंट से अपग्रेड करने का अवसर मिला है, भवन निर्माण का काम पूरा हो चुका है। वैसे इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत का 87 प्रतिशत अंश टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड द्वारा तथा 12 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

# चुनावी कैंपिंग की धार देंगे भाजपा की प्रचार सामग्री

## भाजपा का हर घर पार्टी का झंडा लगाने की तैयारी

प्रयागराज(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की कैंपिंग की धार पर विशेष फोकस किया है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि नामांकन के उपरांत इलाहाबाद एवं फूलपुर के भाजपा प्रत्याशियों के चुनावी कैंपिंग के लिए पार्टी के द्वारा प्रचार सामग्री पर विशेष फोकस किया गया है जो जनता पर विशेष प्रभाव डालेगा। आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से आयोजित होने वाले संगठन के सम्मेलन और रैली और जनसभा के लिए एवं जनसंपर्क के लिए लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय एवं विधानसभा




कार्यालय में प्रचार सामग्री आ गए हैं जो चुनावी कैंपिंग का आकर्षण का केंद्र होंगे। रैली एवं जनसभा की दृष्टि से प्रचार सामग्री में प्रमुख रूप से मोदी, योगी, अमित शाह, जेपी नड्डा, केशव प्रसाद मौर्य, भूपेन्द्र चौधरी, निर्मला सीतारमण, स्मृति ईरानी, कंगना राणावत, हेमा मालिनी आदि का छोटा बड़ा कट आउट आ चुके हैं। इसके अलावा प्रचार सामग्रियों में झंडा, दुपट्टे, मोदी योगी के मुखौटे, प्रचार, स्टीकर व पत्रक , डायरी, पेन, बैच, हैंड बैंड स्पिनर, कीचौन, चुनाव चिन्ह कमल का कट आउट आ चुके हैं जो कार्यकर्ता जनसंपर्क के दौरान इन प्रचार सामग्रियों का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पोस्टर बैनर झंडे हर घर पर लगाने की तैयारी भाजपा ने की है। जिसको लेकर संगठन ने विधानसभा, मंडल स्तर पर कोऑर्डिनेटर की टीम का गठन किया है जो कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर के मालिक से अनुमति पत्र पर लिखित लेकर घर घर झंडा लगाने का कार्य शुरू कर चुके हैं। इसके अलावा मोदी योगी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर डिजिटल वैन शहर नगर एवं ग्राम के प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे हैं और पार्टी का साहित्य और सरकार के योजनाओं के कार्यों का पत्रक जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरित किए जा रहे हैं।

# विभागाध्यक्ष के प्रयास से लगे चर्म रोग विभाग में एसी

प्रयागराज(आरएनएस)। स्वरूप रानी अस्पताल चर्म रोग विभाग में मरीजों की सुविधा के लिए एयर कंडीशन का शुभारंभ आज हुआ।स्वरूप रानी अस्पताल के त्वचा एवं गुप्त रोग विभाग में मरीजों को हो रही भयंकर असुविधा गर्मी उमस से बेहाल बच्चे एवं महिलाएं के लिए विभाग में बने कॉरिडोर में विभागाध्यक्ष डॉ अमित शेखर के प्रयास से दो एयर कंडीशन लगवाए गए। जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पांडे एवं पूर्व प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर डॉ एसपी सिंह के कर कमल द्वारा संपन्न हुआ। बता दें कि गर्मी को दिनों में मरीज के वेटिंग स्थान कॉरिडोर पर अत्यधिक गर्मी उमस होने के कारण अनेक मरीजों की तबीयत खराब हो जाती थी। बच्चे और महिलाएं गर्मी के कारण बेहाल हो जाते थे। मरीजों की इस पीड़ा को देखते हुए विभाग अध्यक्ष ने



अपने प्रयास से यह कार्य करवाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारीडॉ आशु पांडे ने इस प्रयास की सराहना की। डॉ एसपी सिंह ने इसे एक नजीर बताते हुए कहा कि सरकारी सहायता उपलब्ध न होने पर भी डॉक्टर मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए अपने प्रयास से मरीजों का भला करते हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अजय सक्सेना ने शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण कांत ने जूनियर डॉक्टरों को अनेक चर्म रोग से संबंधित विधाओं के बारे में प्रेजेंटेशन दिया और विभाग को अपनी ओर से दो सर्जिकल चेयर डोनेट की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने परोपकारी सेवा कार्य के लिए डॉक्टर अमित शेखर को पूरे नगर की आम जनमानस व्यापारियों की ओर से साधुवाद दिया।इस मौके पर डॉ मनोज माथुर, डॉ कमलेश सोनकर, गौतम त्रिपाठी, डॉ एस के ओझा अनेक जूनियर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहे।

## विरोध के बीच ढहाया गया मकान

प्रयागराज(आरएनएस)। बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने के लिए लगातार दूसरे दिन संगम क्षेत्र में बने मकानों को ढहाया गया। गुरुवार को पीडीए की टीम सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर के बगल बांध के पास चार कमरे के मकान को ढहाया गया। इसी के बगल बने तीर्थराज ब्रह्मचर्य आश्रम को ढहाने की बात अधिकारी करने पहुंचे तो मौजूद संतों ने यह कहते हुए विरोध व्यक्त किया कि यह आश्रम कई दशक से बना हुआ है। यहां पर जन कल्याण के लिए अखंड कीर्तन हो रहा है। हमें यहां से हटाने से पहले कहीं पर बसाया जाना चाहिए। यहां पर कई दशक पुराना शिवलिंग है। आश्रम के संत श्री निवास नंद सरस्वती ने कहा कि हम सब बड़े हनुमान मंदिर कारिडोर का पूरा समर्थन करते हैं।

# सिराथू में तीसरे दिन ठोस अपविष्ट प्रबंधन के लिए कार्यशाला में हुई चर्चा

## नगर को स्वच्छ रखना नगरवासियों का कर्तव्य- वैभव चौधरी

सिराथू, कौशाम्बी। आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निर्देश पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत नगर पंचायत सिराथू के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को तीसरे दिन कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने कहा की नगर को स्वच्छ रखना नगरवासियों का कर्तव्य है, साफ सफाई रखने से वातावरण अच्छा रहता है साथ ही तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक कृष्णा राज यादव ने कहा कि प्रतिदिन जनित होने वाले कचरे के निस्तारण की नगर पंचायत एवं नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि कचरे को यहां वहां न फेंके बल्कि नगर पंचायत से स्थापित किए गए डस्टबिन के अलावा घर घर कूड़ा गाड़ी में डालें। ताकि उसका उचित निस्तारण हो सके। डीपीएम ने कचरे के प्रथकीकरण , कचरे के प्रकार व उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए इकाई पे प्रबंधान होम कंपोस्टिंग कमयूनिटी कम्पोस्टिंग , व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीधे जुड़ाव पर जोर देते हुए विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रकाश , आदिल खान , विकास तिवारी , विपिन आदि लोगो ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में बबलू यादव , सफाई नायक , एस बी एम टीम सहित लेखा लिपिक दीप कमल , महेश सिंह सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

## महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में निकली मतदाता जागरूकता रैली

अजुहा, कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान एवं स्वीप योजना के तहत मेरा मत, मेरा भविष्य एवं एक वोट के महत्व के विषय पर अजुहा कस्बे में स्थित महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा मत के महत्व को बताया गया । इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी धरणी धर ने बताया कि मतदान के दिन सभी वयस्क व्यक्ति अपने पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। इस दौरान मतदाता जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई । पोस्टर प्रतियोगिता में शालू मौर्य प्रथम , अपर्णा तिवारी द्वितीय एवं मोनिका ने तृतीय स्थान हासिल किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मदन मोहन सिंह ने शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया । इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी धरणीधर व राजेश कुमार मौर्य, मनीराम, साकेत चौधरी , कपिल मुनि , राजा , रामलोचन , सुनील आदि शिक्षक सहित छात्र–छात्राएं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## ढाबा में शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवकों को पुलिस ने भेजा न्यायालय

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव के पास हाइवे किनारे स्थित एक ढाबा में गुरुवार की रात शराब पीकर ग्राहकों व ढाबा कर्मचारियों को गाली गलौज व उत्पात मचा रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ कर उन्हे न्यायलय भेज दिया है। शहजादपुर चौकी प्रभारी किशन कुमार बिंद ने बताया की गुरुवार की रात वह हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे तभी सूचना मिली की पाल ढाबा पर तीन युवक गाली गलौज करते हुए उत्पात मचा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस में तीनों युवकों को अपनी कस्टडी में लिया तब जाकर ढाबा संचालक और ग्राहकों संतोष हुआ। पुलिस ने बताया की पकड़े गए तीनों युवकों में से मोहनपुर निवासी अभिषेक पांडेय पुत्र सूर्यमणि पांडेय, मलाक रेजमा निवासी विवेक यादव पुत्र लालता यादव व रविराज मूत्र मूलचंद्र गौतम है। तीनों युवक आपस में दोस्त है और आए दिन ऐसी हरकतें करते रहते है। शुक्रवार को सुबह पुलिस ने तीनों युवकों की चालानी रिपोर्ट बनाते हुए न्यायलय भेज दिया है।

## सैनी पुलिस ने वाहनों की जांच पड़ताल

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनावों के चलते क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष सैनी जयचंद्र शर्मा ने सैनी चौराहे पर पुलिस बल के साथ वाहनों की चेकिंग की । इस दौरान पुलिस कर्मियो ने संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेते हुए गाड़ी के नंबर, बाहरी लोगों के नाम और पता नोट किया गया।

थानाध्यक्ष सैनी जयचंद्र शर्मा ने बताया कि कौशांबी संसदीय सीट के लिए 20 मई को मतदान होगा। इसके चलते गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है। नकदी, हथियार या अन्य संदिग्ध वस्तु, जिससे चुनाव में खलन डले, उसे बारीकी से चेक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध या किसी भी बड़े लेनदेन के बारे में क्षेत्र की पुलिस को सूचित किया जाए ताकि समय रहते चुनाव में खलल डालने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जाए। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक अयोध्या प्रसाद , उपनिरीक्षक गिरिजा शंकर यादव , नंदू यादव , शौकत अली , रघुराज , अंकित तिवारी सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## युवक शादी का झांसा देकर सालों से युवती के साथ करता रहा दुराचार

चायल, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ सालों तक शरीरिक सम्बंध बनाता रहा।युवती के गर्भवती होने के बाद कई बार उसने गर्भपात भी कराया। शादी करने का दबाव बनाने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित युवती ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपी युवक समेत उसके भाई के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फतेहपुर जनपद के थरियांव थाना अंतर्गत इलाके का एक परिवार संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी करता है। उसी भट्ठे पर पूरामुफ्ती थाना इलाके के एक गांव का परिवार भी रहता है। थरियांव इलाके की युवती ने बताया कि पूरामुफ्ती इलाके के युवक ने दो साल पहले शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुराचार कर दिया। इसके बाद वह बराबर उसके साथ सम्बंध बनाने लगा। इस दौरान दो बार युवती गर्भवती भी हो गई। आरोप है कि युवक ने जबरन उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। युवती के अनुसार युवक और उसके भाई ने शादी करने के लिए सुलहनामा किया था।

## दबंगों ने मुकदमें में सुलह से इंकार करने पर युवक को दी धमकी

चायल, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के बबुरा मोड़ निवासी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने एक प्लाट खरीद रखा है। पखवाड़े भर पहले उस प्लाट की चहारदीवारी को दबंगों ने गिरा दिया था। चहारदीवारी गिराने के बाद उसमें लगे दरवाजे और ईंट को भी वह उठा ले गए थे। मामले में थाने में तहरीर देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। उसी मुकदमें में सुलह करने को लेकर गुरुवार शाम दबंग परिजनों के साथ योगेंद्र सिंह के घर पहुंच गए। उन लोगों ने मुकदमें में सुलह करने का दबाव बनाया। इंकार करने पर उन्होंने गाली गलौच कर युवक को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# कादीपुर में निकली मतदाता जागरूकता रैली

## मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लें कोई उपहार

सिराथू, कौशाम्बी। लोकतंत्र के महासमर में मतदाता ही भाग्य विधाता है। ऐसे में मतदान प्रतिशत जितना अधिक होगा उतनी अच्छी सरकार का गठन होगा। जनपद में 20 मई को मतदान होना है। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को विकास खंड सिराथू के कंपोजिट विद्यालय कादीपुर में शिक्षकों और बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली में बच्चे बैनर और पोस्टर लेकर घर घर में संदेश दो वोट दो वोट दो, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, मत देना अपना अधिकार बदले में ना लें कोई उपहार आदि नारे गुंजायमान करते हुए गांव की हर गली और मोहल्ले में जाकर ग्रामीण मतदाताओं की मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ में रहे शिक्षकों ने भी मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताते हुए उसे देश हित में मत देने का आह्वान किया। रैली में युवा पीढ़ी के पहले वोटरों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मतदाता जागरूकता रैली में ग्राम प्रधान राम मिलन पटेल, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम अभिलाष मौर्य प्रधानाध्यापिका सविता देवी, शिक्षिका सुधा गौड़, पूजा सिंह पटेल, शिक्षक मनमोहन सिंह चौहान, उमेश दत्त चौरसिया, पंकज, अमन, अंशुमान, आलोक आदि शामिल रहे।

## नौगीरा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शुक्रवार को बच्चों एवं शिक्षकों ने गांव के मोहल्ले मोहल्ले जाकर नुक्कड़ नाटक का अभिनय कर व पोस्टर के माध्यम से चुनाव का पर्व देश का पर्व... जनपद कौशांबी का अनुरोध 20 मई को करो वोट.... सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो... कौशांबी की जनता ने ठाना है 20 मई की सुबह सवेरे वोट डालने जाना है.... । आदि स्लोगन के जरिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए सभी को मतदान का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वालों में छात्रा सोनम देवी, सुप्रिया मौर्य, छवि कुशवाहा, राज कश्यप, हिमांशु प्रजापति, आकाश कुशवाहा, अमन कुमार, प्राची मिश्रा, कोमल त्रिपाठी, खुशी देवी, निराशा देवी, सरिता देवी, प्रीति देवी, रिया मौर्य, खुशबू अग्रहरी, महक आदि बच्चे शामिल रहे। जागरूकता अभियान में शामिल शिक्षक विकास कुमार, केशन लाल, सत्येंद्र कुमार सिंह आदि ने घर घर मतदाताओं से मिलकर उन्हें वोट के महत्व को बताते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया।

## धमावा में निर्वाचन आयोग का लोगो बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

सिराथू, कौशाम्बी। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां में बुधवार को सहायक अध्यापक दीपनारायण मिश्र ने छात्रों को चुनाव कराने वाली संस्था भारत निर्वाचन आयोग के बारे में बताते हुए निर्वाचन आयोग के लोगो का निर्माण गाजर, मूली, भिंडी व अंगूर की सहायता से करते हुए निर्वाचन आयोग के कार्यों को समझाया। उन्होंने छात्रों को अवगत कराया कि देश में पहला आम चुनाव 1951–52 में कराया गया था। साथ ही आगामी 20 मई को अभिभावकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा मत डालने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका भावना शुक्ला, सहायक अध्यापक विजयराज सिंह एवं शशांक कुमार उपस्थित रहे।

## पुस्तैनी मकान बनवा रहे पीड़ित पर दबंगो ने किया जानलेवा हमला

सीओ के निर्देश कोखराज पुलिस ने सात लोगो पर किया केस दर्जसिराथू, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में पुस्तैनी मकान में निर्माण कर रहे व्यक्ति पर आधा दर्जन के करीब दबंगो ने हमला कर जख्मी कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने सात लोगो पर केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है।कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव के रहने वाला तालिब रजा पुत्र जफर इकबाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की लगभग एक माह पहले उसका कच्चा पुस्तैनी मकान गिर गया था जिसके बाद उक्त मकान का पुनः निर्माण करा रहा था तभी आधा दर्जन से अधिक लोग तालिब रजा के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया ।

## ससुराल में रह रहे गरीब को दबंगो से घर हड़पने व जान का खतरा

सैनी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में ससुराल में ही मकान बनाकर रह रहे अमृत लाल पुत्र मैकूलाल टेढ़ीमोड़ चौराहे पर फुटपाथ पर जूता पॉलिश व मोचीगिरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। अमृतलाल का मीरापुर में एक पक्के मकान के अलावा और कुछ भी नही है लेकिन इधर काफी दिनों से गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों की नजर उसके पक्के मकान पर टिक गई है। जिससे वह आए दिन उसे गांव छोड़कर भगाने में लगे हुए है। गांव छोड़कर न जाने की स्थिति में वह जान से मारने की धमकी दे रहे है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।